हरिभूमि

पृथ्वी दिवस आज

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026

23 अप्रैल को तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर तो बंगाल में 152 सीट पर वोटिंग

तमिलनाडु-बंगाल में थमा प्रचार का शोर कल उम्मीदवारों की किस्मत पर फैसला

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान से 48 घंटे पहले अब मंगलवार को चुनाव प्रचार थम गया है। तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। वहीं बंगाल में पहले चरण की 152 सीट पर वोटिंग होगी। चुनाव प्रचार थमने के बाद किसी भी तरह की सार्वजनिक रैलियों और राजनीतिक प्रचार अब उम्मीदवार नहीं कर सकेंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु की बात करें, तो इस बार एक साथ सभी 234 सीटों पर मतदान होगा। इस बार राज्य में कुल 4,023 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस बार सभी की निगाहें राज्य के चर्चित अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी टीवीके पर भी है। राज्य की कई सीटों पर टीवीके को काफी समर्थन मिल रहा है। इस चुनाव में कुल 5.73 करोड़ मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। इस दक्षिणी राज्य में विकास, केंद्रीय निधि आवंटन, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोपों जैसे मुद्दे लगभग एक महीने तक जारी रोमांचक चुनाव अभियान में हावी रहे, व्यक्तिगत हमलों के अलावा, चुनाव की तारीख की उलटी गिनती के दौरान परिसीमन प्रक्रिया ने प्रमुख स्थान ले लिया। राज्य में द्रमुक नीत 'सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलाएंस' और अन्नाद्रमुक नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, दोनों शक्तिशाली गठबंधन एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जिससे मुकाबला दिलचस्प होने के आसार हैं। द्रमुक 234 सीटों में से 164 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसके सहयोगी 70 सीटों पर मैदान में हैं, वहीं अन्नाद्रमुक 169 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसके सहयोगी 65 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व फिल्म निर्देशक सीमान के नेतृत्व वाली नाम तमिलर काची भी सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

खास बातें

- सार्वजनिक रैलियों और राजनीतिक प्रचार पर लगी रोक
- 4 मई को सभी चुनावी राज्यों की होगी मतगणना

बंगाल में लगभग साढ़े तीन करोड़ मतदाता

बंगाल की 152 सीटों पर पहले चरण का मतदान होना है। 4 मई को सभी चुनावी राज्यों की काउंटिंग की जाएगी। इस बार पश्चिम बंगाल में 2 चरण में मतदान होना है। पहले चरण में कुल 1,478 प्रत्याशी मैदान में हैं। करीबन तीन करोड़ 60 लाख 77 हजार 171 मतदाता अपने मत का उपयोग करेंगे। इन मतदाताओं में एक करोड़ 75 लाख 77 हजार 210 महिलाएं हैं। इस बार चुनावी प्रचार में महिलाओं से जुड़ा मुद्दा प्रमुखताओं से सभी पार्टियों ने उठाया है।

इन सीटों पर बंगाल में होगी वोटिंग

चुनाव आयोग की जानकारी के मुताबिक, बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान होगा। इनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन और जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं। मुर्शिदाबाद की 22, कूचबिहार की नौ, जलपाईगुड़ी की सात, अलीपुरद्वार की पांच, कलिंपोंग की एक, दार्जिलिंग की पांच, उत्तर दिनाजपुर की नौ, दक्षिण दिनाजपुर की छह, मालदा की 12, बीरभूम की 11, पश्चिम बर्द्धमान की नौ, पूर्व मेदिनीपुर की 16, पश्चिम मेदिनीपुर की 15, झाड़ग्राम की चार, पुरुलिया की नौ व बांकुड़ा की 12 सीटें शामिल हैं।

कमल हासन ने किया डीएमके के लिए प्रचार, एक्टर विजय पर किया कटाक्ष

एजेंसी ▶▶ तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)

मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) के प्रमुख और अभिनेता कमल हासन ने कहा कि वह बचपन में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम जी रामचंद्रन (एमजीआर) और तमिल सिनेमा के दिग्गज अभिनेता 'शिवाजी' गणेशन की गोद में बैठा करते थे लेकिन उन्होंने कभी इस बात का फायदा नहीं उठाया। हासन की इस टिप्पणी को अभिनेता से नेता बने विजय द्वारा खुद को 'एमजीआर का उत्तराधिकारी' बताने की कोशिशों पर कटाक्ष के रूप में देखा जा रहा है। हासन ने तिरुचिरापल्ली पूर्व विधानसभा क्षेत्र से द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के उम्मीदवार इनिगो एस इरुदयाराज के लिए सोमवार रात प्रचार किया। इरुदयाराज के साथ हासन ने तिरुचिरापल्ली में रैली निकाली और लोगों से द्रमुक के चुनाव चिह्न 'उगता सूरज' के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विजय भी तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। हासन ने विजय की ओर इशारा करते हुए कहा, 'यहां से दूसरे उम्मीदवार की तरह मैंने भी बहुत कम उम्र में सिनेमा में प्रवेश किया और मैं सिनेमा की सभी हस्तियों को जानता हूं, लेकिन मैंने कभी उसका फायदा नहीं उठाया। मैं एमजीआर और शिवाजी (गणेशन) की गोद में बैठा करता था, लेकिन मैंने इस बात का फायदा नहीं उठाया। वास्तव में, एमजीआर मुझे बहुत पसंद करते थे।'

जहां भी भाजपा ने शासन किया राज्य बर्बाद हो गया : केजरीवाल

चेन्नई। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को तमिलनाडु के लोगों से राजग से 'सतर्क' रहने की अपील करते हुए कहा कि अगर गलती से भी वे उसे सत्ता में लाते हैं तो वे द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन के सारे अच्छे काम पर पानी फेर देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार की तरह ही तमिलनाडु में भी अपना मुख्यमंत्री खुद चुनेगा। केजरीवाल ने गुजरात में भाजपा के शासन की आलोचना करते हुए कहा कि 30 साल तक सत्ता में रहने के बावजूद पार्टी सड़कों, स्कूलों और अस्पतालों की हालत में कोई सुधार नहीं कर पाई है। उन्होंने दावा किया, 'वहां इतना भ्रष्टाचार है।..जहां भी भाजपा ने शासन किया, राज्य बर्बाद हो गया।' दिल्ली के अपने अनुभव का हवाला देते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर आम आदमी पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार के सभी अच्छे काम को खराब करने का आरोप लगाया।

द्रमुक ने अन्नाद्रमुक को तोड़ने की साजिश रची : पलानीस्वामी

सलेम। ऑल इंडिया अन्ना द्रमुक महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी ने मंगलवार को दावा किया कि द्रमुक ने उनकी पार्टी को तोड़ने की साजिश रची थी, लेकिन उसे सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया गया। तमिलनाडु में गुरुवार को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार के आखिरी दिन अपने गृह जिले सलेम में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ द्रमुक से निवेश को लेकर भी सवाल किए। अन्नाद्रमुक प्रमुख ने द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन पर अन्नद्रमुक को 'तोड़ने' की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'जब मैं मुख्यमंत्री था (2016-21), मुझे कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। स्टालिन ने हमारी पार्टी को तोड़ने की साजिश रची, लेकिन हमने उस साजिश को नाकाम कर दिया।' उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि यह विधानसभा चुनाव तमिलनाडु का 'शोषण' करके अपना अस्तित्व बनाए रखने वाले 'एक परिवार' और राज्य की जनता के बीच का मुकाबला है।

सत्ता में आने पर 'घुसपैठियों से मुक्त बंगाल' बनाया जाएगा : शाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को 'राज्य को घुसपैठियों से मुक्त कराने' का अवसर बताते हुए मंगलवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आई, तो योग्यता के आधार पर युवाओं को हर साल एक लाख नौकरियां दी जाएंगी। पश्चिम बर्धमान के औद्योगिक केंद्रों आसनसोल और बराकर के बाहरी इलाके कुलटी में दिन की अपनी दूसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने वादा किया कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने पर 'घुसपैठियों से मुक्त बंगाल' बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नयी सरकार 'राज्य में पनप रहे सिंडिकेट, माफिया और गुंडाराज' का भी अंत करेगी। भाजपा नेता ने कहा, 'निर्वाचन आयोग ने चुनाव के लिए पर्याप्त संख्या में सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों) के जवानों की तैनाती की है।

टीएमसी महासचिव ने साधा निशाना

भाजपा वादे पूरे करने में विफल रहती है : अभिषेक

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अपने वादे पूरे करने में 'विफल' रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी की 'लक्ष्मीर भंडार' जैसी कल्याणकारी योजनाएं निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। बांकुड़ा जिले के बरजोरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि भाजपा ने 'सबके बैंक खाते में 15 लाख रुपये और सालाना दो करोड़ नौकरियां' देने का अपना वादा पूरा नहीं किया। बनर्जी ने कहा, 'जो लोग बुनियादी वादे पूरे नहीं कर पाए, उन पर कल्याणकारी लाभ प्रदान करने का भरोसा नहीं किया जा सकता।' उन्होंने भाजपा शासित राज्यों को पश्चिम बंगाल की प्रत्यक्ष लाभ योजनाएं अपनाने की चुनौती भी दी। तृणमूल के वरिष्ठ नेता ने कहा, ' भाजपा द्वारा शासित 16 राज्य हैं।

द्रमुक शासन में तमिलनाडु की कानून व्यवस्था बिगड़ी : नायडू



चेन्नई। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को आरोप लगाया कि द्रमुक शासन में तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है। नायडू ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में द्रमुक और कांग्रेस की ओर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण संशोधन विधेयक का विरोध राजनीतिक लाभ-हानि के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। नायडू ने आरोप लगाया, 'अब मैं साफ तौर पर कह रहा हूं कि तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था बिगड़ रही है। शहर का बुनियादी ढांचा और नागरिक सुविधाएं स्तरीय नहीं हैं। वही पुरानी सड़कें हैं, कोई सुधार नहीं हुआ है।' उन्होंने आरोप लगाया कि भारी बारिश होने पर चेन्नई में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। नायडू ने दावा किया कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 59 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, हिरासत में 32 मौतें हुई हैं और नकली शराब की समस्या भी है। नायडू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि गंगा-कावेरी नदी को जोड़ने का काम केवल प्रधानमंत्री के प्रयासों से ही संभव हो पाएगा।

चंडीगढ़ के निवासी ने की है शिकायत

भ्रामक सामग्री, शिक्षाविद् किश्वर पर मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

चंडीगढ़ के निवासी की शिकायत के आधार पर शिक्षाविद् मधु किश्वर पर सोशल मीडिया पर फर्जी और भ्रामक सामग्री फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। किश्वर और कुछ अन्य सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (धर्म, जाति, भाषा के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी, नफरत या दुर्भावना को बढ़ावा देने वाले कृत्यों को अपराध घोषित करना), 336 (1) (जाली दस्तावेज बनाना) और 356 (आपराधिक मानहानि) तथा आईटी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत सेक्टर-26 पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। चंडीगढ़ पुलिस द्वारा सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, शहर के एक शिकायतकर्ता ने 19 अप्रैल को आरोप लगाया कि कुछ फर्जी और भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट और वीडियो क्लिप, जिनमें अश्लील 'टेक्स्ट' और सामग्री है, विभिन्न सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की गलत पहचान बताई गई है।

यह कहा किश्वर ने

इस बीच, किश्वर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चंडीगढ़ पुलिस की एक टीम उन्हें उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में नोटिस देने सोमवार देर रात उनके घर आई थी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ' चूंकि कानून के अनुसार पुलिस को अंधेरा होने के बाद और सूर्योदय से पहले महिलाओं से मिलने या उन्हें गिरफ्तार करने की अनुमति नहीं है, इसलिए मैंने टीम के प्रमुख से फोन पर बात की। उन्होंने मुझे बताया कि उनकी टीम चंडीगढ़ में मेरे खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में नोटिस देने आई है। मैंने उनसे कानून का पालन करने और सुबह आने का आग्रह किया।'

जदयू विधायक दल के नेता बने श्रवण

पटना। श्रवण कुमार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। उनके नाम की औपचारिक सूचना पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा द्वारा विधानसभा को भेजी गई थी। विधानसभा सचिवालय ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। इस चयन से पहले सोमवार को जदयू विधायकों ने विधायक दल का नेता चुनने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को अधिकृत किया था। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और राज्यसभा जाने के बाद राज्य में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में नयी सरकार का गठन हुआ है। इसके बाद ही जदयू विधायक दल के नये नेता के चयन की प्रक्रिया शुरू हुई थी। श्रवण कुमार को बिहार की राजनीति का अनुभवी और जमीनी नेता माना जाता है। वह नालंदा विधानसभा क्षेत्र से लगातार विधायक चुने जाते रहे हैं और लंबे समय से जदयू का प्रमुख चेहरा रहे हैं।

दिलचस्प यह है कि स्वयं पीटर ने दिया है न्योता

हंगरी के प्रधानमंत्री करेंगे नेतन्याहू को गिरफ्तार!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के बाद लेबनान से जंग इजरायल के लिए मुसीबत बनती जा रही है। अमेरिका ने अब लेबनान और इजरायल के बीच मध्यस्ता कराने की पेशकश की है। उधर, एक देश ऐसा भी है जो इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को गिरफ्तार करने के लिए तैयार बैठा है। जी हां, हंगरी ने नए प्रधानमंत्री पीटर मैग्यार ने हालिया बयान में कहा कि अगर नेतन्याहू हंगरी आएंगे तो गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। स्काई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पीटर ने कहा कि अगर कोई भी ऐसा व्यक्ति, जिसके खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) का वारंट है, हंगरी की सीमा में आता है तो उसे हिरासत में लिया जाएगा। कहा कि हंगरी आईसीसी का सदस्य बना रहेगा और पहले की सरकार का आईसीसी से बाहर निकलने का फैसला रद्द किया जाएगा। बता दें कि गत 12 अप्रैल 2026 को हुए ऐतिहासिक आम चुनाव में पीटर मैग्यार ने हंगरी के 16 वर्षों से सत्ता में काबिज प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन को करारी शिकस्त दी है।

इसलिए अहम है बयान

पीएम मैग्यार का यह बयान इसलिए अहम देखा जा रहा है क्योंकि हाल ही में पीटर ने पीएम नेतन्याहू को हंगरी आने का न्योता दिया था। सफाई देते हुए पीटर ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे साल 1956 के आंदोलन की 70वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम के लिए कई देशों के नेताओं को बुला रहे हैं। इसी के लिए नेतन्याहू को भी बुलावा भेजा गया था। नेतन्याहू को पहले ही बता दिया गया है कि हंगरी आईसीसी के नियमों का पूरी तरह पालन करेगा और कानून से पीछे नहीं हटेगा। 2024 में आईसीसी ने नेतन्याहू पर युद्ध अपराध के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

बड़ा बदलाव : जापान बेचेगा घातक हथियार

नई दिल्ली। जापान ने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद अपनी शांतिवादी नीति में बड़ा बदलाव किया है। प्रधानमंत्री साने ताकाइची की कैबिनेट ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगी दशकों पुरानी रोक हटा दी है। अब जापान फाइटर जेट, मिसाइल और वॉरशिप जैसे हथियार दूसरे देशों को बेच सकेगा। मंगलवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए ताकाइची ने कहा कि अब सभी रक्षा उपकरणों का ट्रांसफर संभव होगा। उन्होंने कहा कि हथियार सिर्फ उन देशों को दिए जाएंगे जो UN चार्टर के मुताबिक उनका इस्तेमाल करने का वादा करेंगे।जापान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कई देश जापानी हथियार खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। हाल ही में जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 अरब डॉलर का समझौता हुआ है। इसके तहत मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के लिए 11 में से पहले 3 वॉरशिप बनाएगी।

मणिपुर में दो बच्चों की मौत के बाद भड़की है हिंसा

प्रदर्शनकारियों, पुलिस के बीच मशाल रैली के दौरान झड़प

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में हाल ही में हुए बम विस्फोट में दो बच्चों की मौत होने की घटना के विरोध में इंफाल में प्रदर्शन कर रहे लोगों की मशाल रैली के दौरान सुरक्षा बलों के साथ झड़प हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सात अप्रैल को विष्णुपुर के ट्रोंगलाओबी में हुए बम विस्फोट में दो बच्चों की मौत हो गई थी। इस घटना के विरोध में इंफाल घाटी के जिलों में रोजाना प्रदर्शन हो रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात करीब सात किलोमीटर लंबी मशाल रैली इंफाल वेस्ट जिले में मायाई लांबी से केइशमथोंग तक निकाली गई। इसी दौरान हिंसा हुई और प्रदर्शनकारियों तथा सुरक्षा बलों के बीच झड़प हो गई।

आज खुलेंगे कपाट, 1 क्विंटल फूलों से सजा केदारनाथ मंदिर

जयकारों के साथ धाम पहुंची बाबा की डोली, छलका उत्साह

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

बाबा केदार की डोली देर शाम गौरीकुंड से केदारनाथ धाम पहुंच गई है। अब कल केदारनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। केदारनाथ धाम के कपाट कल बुधवार सुबह आठ बजे तय लग्नानुसार विधि-विधान और पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। धाम को इस बार करीब 51 कुंतल फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंच चुके हैं और उत्साह चरम पर है। कपाट खुलने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी धाम पहुंचकर पूजा में शामिल होंगे। कपाट खुलने के साथ ही केदारनाथ यात्रा का विधिवत शुभारंभ होगा। कल यानी बुधवार सुबह 8 बजे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट 181 दिन बाद खोल दिए जाएंगे। आपको बता दें, इससे पहले, 23 अक्टूबर 2025 (भैया दूज) को सुबह 8:30 बजे केदारनाथ धाम के कपाट बंद किए गए थे।

7 लाख लोगों ने कराया है रजिस्ट्रेशन

2025 में यात्रा शुरू होने तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जबकि इस साल (2026) 20 अप्रैल तक 21 लाख लोगों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इनमें केदारनाथ के लिए 7 लाख और बद्रीनाथ के लिए करीब 6 लाख रजिस्ट्रेशन शामिल हैं। इस बार भी पिछले साल की तरह श्रद्धालुओं का जबरदस्त उत्साह दिख रहा है और संख्या तेजी से बढ़ रही है।

बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलने की प्रक्रिया भी शुरू

वहीं, दूसरी ओर बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। नृसिंह मंदिर से आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी और गरुड़ जी की डोली बद्रीनाथ के लिए रवाना हो चुकी है। सभी देव डोलियों का मिलन पांडुकेश्वर में होगा, जहां रात्रि विश्राम के बाद ये डोलियां आगे बढ़ेंगी और 23 अप्रैल की सुबह बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

Appointment
Jai Raj Steel — STRENGTH YOU CAN TRUST
URGENT OPENINGS
मेगा वॉक-इन इंटरव्यू : दिनांक: 24 एवं 25 अप्रैल 2026
जय राज इस्पात लिमिटेड
अपने स्टील करियर को दें नई उड़ान!
हमारी तेज़ी से बढ़ती सफलता का हिस्सा बनें
दक्षिण भारत के अग्रणी TMT बार निर्माता, जय राज इस्पात लिमिटेड, अपने 432 एकड़ में फैले आधुनिक इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट (कुरनूल, आंध्रप्रदेश) हेतु अनुभवी उम्मीदवारों की तत्काल भर्ती कर रहा है।
रिक्त पद (Urgent Openings):
- E&I विभाग : SMS / CCM / रोलिंग मिल / सिंटर प्लांट / CMD
  पद : इंजीनियर, सहायक प्रबंधक, उप प्रबंधक, प्रबंधक, तकनीशियन, इलेक्ट्रीशियन
- SMS (स्टील मेल्टिंग शॉप) : BOF / EOF / ZPF / आर्क फर्नेस / LRF / CCM
  पद : इंजीनियर, सहायक प्रबंधक, उप प्रबंधक, प्रबंधक, मोल्ड फिटर
- मैकेनिकल मेंटेनेंस : इंजीनियर, सहायक प्रबंधक, उप प्रबंधक, फिटर
- रोलिंग मिल : CNC ऑपरेटर, टर्नर, मिल फिटर, रोल शॉप ऑपरेटर, तकनीशियन
- ब्लास्ट फर्नेस एवं सिंटर प्लांट : मैकेनिकल इंजीनियर, सहायक प्रबंधक, उप प्रबंधक, फिटर
क्यों चुनें कुरनूल? हैदराबाद से मात्र 200 किमी दूरी, बेहतरीन कनेक्टिविटी, उत्कृष्ट स्कूल एवं स्वास्थ्य सुविधाएं।
स्थान: होटल मयूरा, ग्रेट ईस्टर्न रोड, रायपुर
(राज टॉकीज के पास, ग्रेट बॉम्बे मार्केट)
दिनांक: 24 एवं 25 अप्रैल 2026
समय: सुबह 09:30 बजे से शाम 06:00 बजे तक
वॉक-इन में शामिल नहीं हो सकते?
अपना CV भेजें: jointheteam@jairajispat.com
आज ही जुड़ें और अपने करियर को नई दिशा दें!




हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

दस्तावेजों का खुलासा, किया-धरा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड का, शिकायत के बाद रोका भुगतान

ग्रामोद्योग की करनी, विभाग की भरनी...खादी बोर्ड की साड़ियों का 'दाग' धोने में जुटा महिला एवं बाल विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में साड़ी खरीदी सुर्खियों में है। 1 लाख 94 हजार 590 नग साड़ियों की खरीदी में जमकर गोलमाल हुआ। साड़ियां साइज में छोटी सप्लाई की गईं और उनका रंग भी पहली धुलाई में उड़ गया। साड़ी खरीदी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने की। आपूर्ति से पहले जो मानक तय किए गए उनका पालन नहीं किया गया। विवाद और हंगामा होने के बाद सवाल महिला एवं बाल विकास विभाग पर उठे, लेकिन विभागीय पत्रों ने पूरे मामले की सच्चाई बयां कर दी। विभाग द्वारा लिखे गए पत्र बताते हैं कि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की दिलचस्पी सप्लायरों को भुगतान करने में ज्यादा रही। वहीं महिला एवं बाल विकास ने जांच के लिए समिति गठित की और रिपोर्ट मिलने के बाद भुगतान पर रोक लगा दी। हरिभूमि को मिले पत्र बताते हैं कि करतूत खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की थी, खरीदी में नियमों का पालन नहीं किया गया। हंगामा होने के बाद भी सप्लायरों को पूर्ण भुगतान के लिए लगातार पत्र लिखे गए। वहीं, शिकायत ▶▶|शेष पेज 5 पर

विभाग ने खादी बोर्ड को लिखा, संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही करें और साड़ियां बदलें

विभाग ने कहा-जिम्मेदारों पर एक्शन हो और साड़ी बदली जाएं

13 अप्रैल को संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग, डा. रेणुका श्रीवास्तव ने बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र लिखा। जिसमें कहा गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को साड़ी प्रदाय करने की जिम्मेदारी बोर्ड को दी गई थी। संचालनालय स्तर पर कराई गई जाच में गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। इसकी वजह से विभाग की छवि खराब हो रही है। बोर्ड तत्काल जिम्मेदारों और संबंधितों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करे और खराब साड़ियों को तत्काल बदले।

पूर्ण भुगतान चाहता था बोर्ड विभाग ने रोक लगाई

10 मार्च को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के उप संचालक को लिखे पत्र क्रमांक 17915 में महिला एवं बाल विकास ने भुगतान को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। उसमें लिख कि बोर्ड ने पत्र लिखकर शेष राशि के भुगतान का आग्रह किया है। लेकिन जिलों से आई रिपोर्ट के बाद आगामी भुगतान पर रोक लगाई जाती है। पत्र से स्पष्ट है कि खरीदी विवादों में आने और जांच में गड़बड़ी होने के बाद भी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड जल्द से जल्द सप्लायरों को भुगतान कराना चाहता था। 7 करोड़ 29 लाख 71 हजार 250 रुपए का भुगतान किया जा चुका था। 25 फीसदी भुगतान करने के लिए बोर्ड ने पत्र लिखे। लेकिन जांच समिति की रिपोर्ट के बाद विभाग ने स्पष्ट आदेश दिया गया कि सप्लायर को दिया जाने वाला शेष 25 प्रतिशत भुगतान रोक दिया जाए। पत्र के बाद बची हुई 2 करोड़ 43 लाख रुपए की राशि पर तत्काल रोक लगा दी गई।

जांच का दायरा बढ़ा, बड़ी कमेटी बनी

06 अप्रैल 2026 को, डा. रेणुका श्रीवास्तव, संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग ने 6 सदस्यीय समिति का गठन किया। पत्र में लिखा गया कि दुर्ग, धमतरी, कबीरधाम और रायगढ़ में प्रदाय की गईं साड़ी की जांच के लिए संचालनालय स्तर पर कमेटी बनाई गई।इसमें दिलदाल सिंह मरावी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास को बनाया गया। साथ ही भंडार, वित्त जैसी शाखाओं से जुड़े अफसरों को जांच समिति में शामिल किया गया। स्पष्ट निर्देश दिए गए कि साड़ियों की गुणवत्ता और आकार संबंधी जांच बारीकी से की जाए।

आनंद का सच्चा भाव®

18 कैरेट रेट* (75.00%)	= ₹103903/-
22 कैरेट रेट* (91.60%)	= ₹126900/-
24 कैरेट रेट* (99.99%)	= ₹138523/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

खबर संक्षेप

मणिपुर में 5.2 तीव्रता का आया भूकंप



इंफाल/शिलांग। मणिपुर में मंगलवार सुबह 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप सुबह 5.59 बजे आया और इसका केंद्र कामजोंग जिले में था। उन्होंने बताया कि पड़ोसी जिले उखरुल और राज्य की राजधानी इंफाल के साथ-साथ मेघालय में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

महिला बच्चों के साथ कुएं में कूदी, तीनों की मौत

लातूर। महाराष्ट्र के लातूर जिले में पारिवारिक विवाद के बाद 25 वर्षीय एक महिला कथित तौर पर अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ कुएं में कूद गई, जिससे उनकी मौत हो गई। यह घटना रविवार की आधी रात के आसपास औसा तहसील के खरोसा गांव में हुई। निकिता अमरदीप भूरे नाम की महिला अपने बच्चों शिवानी (पांच) और शिवांश (तीन) के साथ अपने घर के पास स्थित एक कुएं में कूद गई। सोमवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने कुएं में महिला का शव तैरता हुआ देखा।

राज्यसभा के पूर्व सदस्य पाटिल का निधन

मुंबई। राज्यसभा के पूर्व सदस्य और प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गोपालराव पाटिल का मंगलवार सुबह यहां निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। पाटिल ने यहां एक निजी अस्पताल में सुबह 7.12 बजे अंतिम सांस ली। वह 1994 से 2000 के बीच भाजपा से राज्यसभा सदस्य थे। वाणिज्य, विदेश मामलों और रेलवे पर प्रमुख संसदीय समितियों में योगदान दिया।

कार और ट्रक की टक्कर में पांच की मौत

बड़वानी। मप्र के बड़वानी जिला स्थित जुलवानिया शहर के पास मंगलवार को ट्रक और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान सचिन वास्कले (25), प्रद्युम साहते (25), पप्पू हीरालाल (29), आकाश दयाराम (25) और यशवंत सुदापिया (30) के रूप में हुई है। कार में सवार सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जलगांव से रुई पहुंचे और जब उनकी कार में ईंधन खत्म हो रहा था तो वे ईंधन भराने के लिए जुलवानिया चले गए।

सीजफायर पर संकट : शांति वार्ता पर ईरान की चुप्पी, अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर दी चेतावनी

पहले कहा-जल्द होगी डील, फिर बोले-ईरान वार्ता आगे नहीं बढ़ी तो 'बमबारी' मुमकिन

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन/तेहरान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इस्लामाबाद वार्ता 2.0 को लेकर यूएस और ईरान के बीच सबकुछ सकारात्मक होने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि तेहरान के साथ जल्द ही हमारी बड़ी डील होगी। उन्होंने ईरान के लोगों की तारीफ की। हालांकि, ट्रंप ने तारीफ के तुरंत बाद ही ईरान को धमकी भी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर ईरान हमारे साथ कोई समझौता साइन नहीं करता है, तो वहां फिर से बमबारी शुरू हो सकती है।

अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम समाप्त होने वाला है। दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर युद्धविराम की समयसीमा से पहले कोई समझौता नहीं हुआ, तो बम गिरने शुरू हो जाएंगे। ट्रंप ने दावा किया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर अमेरिका का पूरा कंट्रोल है। अमेरिका इस वक्त बेहद मजबूत स्थिति में है और ईरान के साथ एक बेहतर समझौते की संभावना बनी हुई है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के पास ऑप्शन नहीं हैं और उसे समझौता करना ही होगा। एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि पिछले 47 सालों में हम समझौता करने की बेहद मजबूत स्थिति में थे, जो अन्य राष्ट्रपतियों को करना चाहिए था, लेकिन अब मुझे उसे पूरा करने का मौका मिला है।

अमेरिका-ईरान शांति वार्ता अनिश्चित

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का दूसरा दौर अब अनिश्चित हो गया है। ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि ईरानी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि अमेरिका की ओर से ईरान के झंडे वाले एक जहाज को जब्त किए जाने के बाद वे इस बातचीत में शामिल नहीं हो सकते हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अब तक, हमने बातचीत के अगले दौर के बारे में कोई फैसला नहीं किया है।

इधर, पाक ने बढ़ाया एयरस्पेस पर बैन

पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को 24 मई तक के लिए बढ़ा दिया। पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद, भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के विमानों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए थे। पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय विमानों के लिए बंद है। भारतीय-पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई, 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

ट्रंप टैरिफ का सबसे बड़ा रिफंड शुरू

अमेरिका ने 20 अप्रैल से लिए गए जवाबी शुल्क की वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारतीय निर्यातकों को इसके लिए अमेरिकी खरीदारों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क करना चाहिए। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने मंगलवार को यह बात कही। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि यह संपर्क महत्वपूर्ण होगा क्योंकि शुल्क वापसी (रिफंड) की राशि केवल अमेरिकी आयातकों को जाती है और निर्यातकों को इस पर कोई कानूनी अधिकार नहीं होता। भारतीय निर्यातकों के पास इसके लिए का दावा करने का कोई सीधा कानूनी रास्ता नहीं होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि दो अप्रैल 2025 से लगाए गए अमेरिकी शुल्क ने कई भारतीय उत्पादों के निर्यात को प्रभावित किया। कुल शुल्क वापसी की राशि करीब 166 अरब डॉलर है, जिसमें से करीब 12 अरब डॉलर भारतीय वस्तुओं से संबंधित हैं।

समस्याओं का तय समय में होगा निराकरण

छत्तीसगढ़ में सीएम हेल्पलाइन नंबर, अब एक कॉल पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल्द सीएम हेल्पलाइन नंबर शुरू होने जा रहा है। 24 घंटे सक्रिय रहने वाले इस हेल्पलाइन नंबर पर राज्य का कोई भी व्यक्ति समस्या बता सकेगा या फिर शिकायत कर सकेगा। अफसरों को इन समस्याओं का तय सीमा में निराकरण करना होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह जानकारी जशपुर के लिए रवाना होने से पहले संवाददाताओं से चर्चा में दी। उन्होंने बताया की सीएम हेल्पलाइन नंबर पर आने वाली शिकायतों या फिर समस्याओं के निराकरण के लिए समय निर्धारित होगा। अगर तय समय पर शिकायत या समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई होगी।

पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनेगी

वहीं पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर विष्णुदेव साय ने कहा, टीएमसी और ममता बनर्जी को लेकर वहां के लोगों में काफी आक्रोश है। मैंने भी पश्चिम बंगाल का दौरा किया है। लोग बदलाव लाना चाहते हैं, भाजपा की सरकार वहां जरूर बनेगी।

टर्नस 1 सितंबर से संभालेंगे पदभार

15 साल बाद बदल रहा एप्पल का सीईओ, कुक की जगह जॉन टर्नस संभालेंगे कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी एप्पल ने आखिरकार अपने नए सीईओ के नाम का खुलासा कर ही दिया। बीते 4-5 साल से यह खबर उड़ती रहती है कि एप्पल टिम कुक की जगह नया सीईओ बना रही है। लेकिन, इन अफवाहों के बीच कुक ने अपने 15 साल बतौर सीईओ पूरे भी कर लिए और अब जाकर कंपनी ने जॉन टर्नस को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ चुन लिया है। टिम कुक लगातार 15 साल तक एप्पल के सीईओ रहे, जो कंपनी के किसी भी अन्य सीईओ के मुकाबले सबसे ज्यादा अवधि है। अब 1 सितंबर, 2026 से उनकी जगह जॉन संभालेंगे।

डिजाइन और क्वालिटी निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका

जॉन टर्नस फिलहाल एप्पल के हार्डवेयर इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हैं। यह वही व भिाग है, जो एप्पल आईफोन से लेकर तमाम प्रोडक ट की डिजाइन और क्वालिटी निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। खुद टिम कुक ने उनकी तारीफ करते हुए कहा है कि जॉन दिमाग से इंजीनियर और आत मा से इनोवेटर हैं। इसका मतलब है कि उनका स्वभाव ही कुछ नया खोजने और करने का है। उनकी अगुवाई में ही एप्पल की इंजीनियरिंग इतनी शानदार हो गई है, जिसे आज दुनिया की कोई टेक कंपनी टक्कर नहीं दे पाती है।

डेड स्टार्टअप से शुरू किया था करियर

जॉन टर्नस ने साल 1997 में यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की और लगभग खत म हो चुके एक स्टार्टअप वर्चुअल रिसर्च सिस्टम में बतौर मैकेनिकल इंजीनियर अपना करियर शुरू किया। इस स्टार्टअप के लिए भी टर्नस ने वर्चुअल रियलिटी हेडसेट डिजाइन किए। इससे पहले पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सिर के मूवमेंट से चलने वाला मैकेनिकल फीडिंग ऑर्म डिजाइन किया, जो शुरुआत से ही उनके प्रैक्टिकल अप्रोच को दिखाता है।

केरल और महाराष्ट्र में बड़ा हादसा

पटाखे की आग में खाक हुईं 15 जिंदगियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ त्रिशूर

केरल और महाराष्ट्र के पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 15 लोगों की मौत हो गई। केरल के त्रिशूर में पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री में मंगलवार को भीषण विस्फोट हुआ। इस घटना की चपेट में आने से 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, हादसे के समय शेड में करीब 40 लोग मौजूद थे, जिनमें से कई गंभीर रूप से झुलस गए हैं। मुण्डाथिकोड इलाके में यह दुर्घटना उस समय हुई जब आगामी त्रिशूर पूरम के लिए एक मंदिर देवस्वम की ओर से पटाखे तैयार किए जा रहे थे।

पालघर में दो की मौत, चार घायल

महाराष्ट्र के पालघर जिले में मंगलवार को पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान भवेश दिलीप वावरे (35) और मोनिका सचिन पडवाले (30) के रूप में हुई है। वाडा तालुका के कोंसाई गांव में एक पुराने फार्महाउस में टिन के शेड में पटाखा निर्माण इकाई में दोपहर करीब 12 बजे विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि उस समय लगभग 35 श्रमिक पटाखे बनाने में लगे हुए थे। इनमें ज्यादातर महिलाएं थीं।

बिना उचित जांच व सुनवाई के ही बर्खास्तगी कर दी गई, जो निंदनीय

हाईकोर्ट ने 8 कर्मियों की सेवा समाप्ति को ठहराया अवैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मचारियों से जुड़ा एक अहम मामला सामने आया है, जिसमें हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के फैसले को सख्ती से खारिज कर दिया है। बता दें बिलासपुर हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ काउंसिल आफ साइंस एंड टैक्नालाजी के 8 कर्मचारियों की सेवा समाप्ति को अवैध ठहराते हुए राज्य सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि अधिकारियों ने "प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों" का पालन नहीं किया और बिना उचित जांच व ▶▶|शेष पेज 5 पर

यह है पूरा मामला

इन कर्मचारियों की नियुक्ति वर्ष 2012 में चतुर्थ श्रेणी पद पर हुई थी। प्रोबेशन पूरा होने के बाद भी नियमितीकरण नहीं हुआ, तो उन्होंने अभ्यावेदन दिया। इसके बाद वेतन में कटौती कर दी गई, जिसे पहले ही हाईकोर्ट अवैध ठहरा चुका था। कोर्ट के निर्देश के बावजूद राज्य सरकार ने नियमितीकरण पर निर्णय लेने के बजाय नियुक्ति प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण बताते हुए 2020 में सभी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया।

न आग लगी और न किसी तरह का रेस्क्यू, फिर भी फायर ब्रिगेड ने झोंकी ताकत

अफसर का तोता पेड़ की चोटी पर जा बैठा, उतारने के लिए पानी की बौछार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

अलग खबर

ओबीसी ब्वायज हास्टल के पास रविवार को दिन के करीब 11 बजे फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार एक उंचे पेड़ पर की जा रही थी। न तो यहां कोई रेस्क्यू हो रहा था न किसी तरह का पानी का प्रेशर चेक किया जा रहा था। असल में मामला एक तोते का था, जो पिंजरे से उड़कर कहीं चला गया था। ढूंढने पर पता चला कि वह एक उंचे पेड़ पर बैठा हुआ है। अफसर का तोता था इसलिए उसे पकड़ने के लिए फायर ब्रिगेड का इस्तेमाल किया गया और विभाग का सारा अमला उसमें जुट गया। हरिभूमि को मिली जानकारी के अनुसार जिला सेनानी पशु पक्षियों को पालने के शौकीन हैं। यह तोता भी उनका बताया जा रहा है। लेकिन उन्होंने इससे साफ इनकार किया है। बहरहाल पद और संसाधन का विशेषकर बस्तर में किस तरह का दुरुपयोग होता है, इसकी जमकर चर्चा हो रही है। बहरहाल घंटों तक पेड़ पर पानी की बौछार करना और तोते का एक भवन की छत पर गिरना। उसे विभाग के कर्मचारी के द्वारा पकड़कर ले जाना ▶▶|शेष पेज 5 पर



तोता के बारे में पता नहीं, डेमो के लिए गए थे: जिला सेनानी

जिला सेनानी मनोहर लाल चौहान ने मीडिया से चर्चा में कहा कि तोता के बारे में मुझे कुछ पता नहीं है। हम लोग आदेश्वर स्कूल में डेमो के लिए गए थे, उस दिन गाड़ी का प्रेशर पाइप फट गया था। स्कूल बंद होने के कारण डेमो नहीं दिखा पाए। प्रेशर कितना दूर तक जाता है ,उसका हम टेस्ट कर रहे थे। हमेशा सभी वाहनों का रूटीन चेकअप करते रहते हैं, गर्मी का सीजन है। पेड़ से क्या गिरा और किसका तोता था इसकी जानकारी नहीं है। फायर ब्रिगेड से पेड़ पर पानी डालने और अधिकारी चौहान का वीडियो वायरल होने के बाद जिले के अलावा समूचे बस्तर में यह चर्चा का विषय बन गया है।

चिंतन

सुरक्षा के लिए संतुलित रणनीति बेहद जरूरी

पहलगाम हमले की पहली बरसी केवल एक दर्दनाक स्मृति नहीं, बल्कि सुरक्षा नीति की गंभीर परीक्षा भी है। 22 अप्रैल 2025 को बैसरन घाटी में हुई आतंकी वारदात ने देश को झकझोर दिया था। एक साल बाद हालात अपेक्षाकृत शांत हैं, लेकिन असली चुनौती इस शांति को स्थायी सुरक्षा और सामान्य जीवन में बदलने की है। इस हमले को एक साल बीत चुका है। इस अवधि में एक-दो वारदात को छोड़ दें तो घाटी शांत ही रही है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उन इलाकों को भी खोल दिया जाए जो पहलगाम हमले के बाद बंद किए गए थे। चूंकि ये लोगों की आजीविका का जरिया हैं। बदलते कश्मीर में अब लोगों में मुख्यधारा से जुड़ने की ललक है। ऐसे में सरकार और खुफिया एजेंसियों को भी चाहिए कि वे लोगों को सुरक्षित महसूस करवाएं। बलों की तैनाती इस तरह से हो कि गलत मंसूबे लेकर आने वाले हमले जैसी वारदातों की हिमाकत न करें। अब जरूरी है कि सरकार सुरक्षा और शांति के लिए एक संतुलित रणनीति बनाए। केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं, देश के अन्य भागों में भी व्यापक सतर्कता जरूरी है। सुरक्षा किसी भी संवेदनशील क्षेत्र की पहली जरूरत होती है, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे इलाके में। बीते एक साल में सुरक्षा एजेंसियों और सेना ने सतर्कता बनाए रखते हुए बड़े हमलों को रोकने में सफलता पाई है। यह दिखाता है कि मजबूत सुरक्षा तंत्र ही शांति की बुनियाद बन सकता है। यह भी उतना ही जरूरी है कि सुरक्षा के नाम पर आम नागरिकों के जीवन और रोजगार पर अनावश्यक प्रतिबंध न लगे। बैसरन घाटी जैसे इलाकों का लंबे समय तक बंद रहना स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सीधा असर डाल रहा है। पर्यटकों की संख्या पहले ही 30-40% तक घट चुकी है, जिससे लोगों में नाराजगी स्वाभाविक है। ऐसे में जरूरी है कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चरणबद्ध तरीके से इन क्षेत्रों को फिर से खोला जाए। संतुलित रणनीति का मतलब यही है कि सुरक्षा "दिखे भी" और "भरोसा भी दे"। इसके लिए आधुनिक तकनीक, खुफिया तंत्र की मजबूती, स्थानीय लोगों की भागीदारी और सीमित, लेकिन प्रभावी बल तैनाती जरूरी है। ऐसा माहौल बनाना होगा, जिसमें पर्यटक बिना डर के आएं और स्थानीय लोग खुद को सुरक्षित महसूस करें। देश के अन्य हिस्सों में भी सुरक्षा को लेकर लापरवाही की गुंजाइश नहीं है। हाल ही में राजस्थान की एक रिफाइनरी में लगी आग की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। यदि इसमें किसी साजिश के संकेत मिलते हैं, तो यह साफ है कि खतरे का दायरा व्यापक है। और यदि यह हादसा है, तब भी सुरक्षा मानकों की समीक्षा जरूरी हो जाती है। किसी भी रूप में देश को नुकसान पहुंचाने वाली घटनाएं सुरक्षा तंत्र के लिए चेतावनी हैं। आतंकवाद के खिलाफ सख्ती जरूरी है, लेकिन इसका उद्देश्य केवल खतरे को खत्म करना नहीं, बल्कि सामान्य जीवन को बहाल करना भी होना चाहिए। जिस तरह नक्सलवाद के खिलाफ रणनीतिक और बहुआयामी प्रयास किए गए, उसी तरह आतंक के खिलाफ भी सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों को साथ लेकर चलना होगा। भारतीय सेना का संदेश "भारत कुछ नहीं भूला" यह स्पष्ट करता है कि सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं होगा। पहलगाम की यह बरसी याद दिलाती है कि मजबूत सुरक्षा और सामान्य जीवन एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। सही रणनीति वही होगी, जो दोनों को साथ लेकर चले, तभी देश सुरक्षित भी होगा और सच में सामान्य भी।

मुद्दा
मनीष कुमार चौधरी

भारत में क्यों जरूरी है परिसीमन

भले ही संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित नहीं हो पाया, परंतु परिसीमन से जुड़े मुद्दों की प्रासंगिकता अब भी बरकरार है। भारत का लोकतंत्र विशाल आकार और विविधता के लिए जाना जाता रहा है। फिर भी प्रतिनिधित्व की मूल संरचना दशकों से काफी हद तक स्थिर बनी हुई है। लोकसभा का आगामी परिसीमन, उस संतुलन को गहरे स्तर पर बदलने की क्षमता रखता है। परिसीमन तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया ही है और अपने मूल रूप में परिसीमन का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। दशकों से भारत सीटों की एक निर्धारित संख्या के साथ ही काम करता रहा है, जबकि इस दौरान उसकी जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है।

महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण व लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने और 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन के लिए केंद्र सरकार की ओर से लाया गया संविधान (131वां) संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित नहीं हो पाया। भले ही विधेयक पारित न हो पाया हो, परंतु परिसीमन से जुड़े मुद्दों की प्रासंगिकता अब भी बरकरार है। भारत का लोकतंत्र विशाल आकार और विविधता के लिए जाना जाता रहा है। फिर भी प्रतिनिधित्व की मूल संरचना दशकों से काफी हद तक स्थिर बनी हुई है। लोकसभा का आगामी परिसीमन, जिसके 2029 के आम चुनावों को आकार देने की उम्मीद है, उस संतुलन को गहरे स्तर पर बदलने की क्षमता रखता है। यूं देखा जाए तो परिसीमन एक तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया ही है और अपने मूल रूप में परिसीमन का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। दशकों से भारत सीटों की एक निर्धारित संख्या के साथ ही काम करता रहा है, जबकि इस दौरान उसकी जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है।

संवैधानिक रूप से प्रत्येक दशक के बाद जनसंख्या जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्वितरण अनिवार्य था। पुनर्वितरण अंतिम बार 1971 की जनगणना के बाद ही किया गया था। देश में जनसंख्या नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार सरकारों ने सीटों के पुनर्वितरण को रोक दिया। वर्ष 2000 के दशक की शुरुआत में प्रत्येक राज्य के भीतर जनसंख्या को सामान्य करने के लिए निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से तैयार किया गया था, लेकिन इस अभ्यास ने प्रत्येक राज्य को आवंटित निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया। 1971 के बाद से भारत की जनसंख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। लेकिन यह वृद्धि पूरे देश में समान रूप से नहीं हुई है। असमान वृद्धि इसलिए हुई, क्योंकि दक्षिणी राज्य अपनी प्रजनन दर को तेजी से नीचे लाने में सक्षम रहे। उत्तरी राज्यों का जनसंख्या हिस्सा 43 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि दक्षिणी राज्यों का हिस्सा 1971 और 2026 के बीच 25 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो गया है। इससे यह आशंका उठ खड़ी हुई है कि पूरी तरह से जनसंख्या के आधार पर संसद की सीटों का पुनर्वितरण करने से दक्षिणी राज्य संसद में अपनी सीटों का हिस्सा खो देंगे, जबकि यह तकनीकी रूप से देशभर में प्रतिनिधित्व को निष्पक्ष बना देगा, खासकर कम प्रतिनिधित्व वाले उत्तरी राज्यों के लिए। उदाहरण के लिए, केरल का एक सांसद लगभग 18 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं राजस्थान का सांसद करीब 33 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। दक्षिणी राजनीतिक दलों की चिंता इसी को लेकर है। उन्हें डर है कि इससे उत्तरी राज्यों को अधिक शक्ति मिलेगी, जो न केवल भारतीय जनता पार्टी के गढ़ हैं, बल्कि हिंदी-बेल्ट या हिंदी भाषी क्षेत्र के रूप में भी लोकप्रिय हैं। उनका मानना है कि पुनः आवंटन योजना से उन्हें अच्छी नीतियों और शासन के लिए दंडित किया जाएगा, जबकि उत्तरी राज्यों को पुरस्कृत किया जाएगा, जहां जनसंख्या वृद्धि काफी हद तक अनियंत्रित रही है। वर्ष 1952 में जब देश में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए, तब संसद में 489

सीटें थीं और आबादी थी करीब 36 करोड़। आज आबादी 140 करोड़ पार कर चुकी है, लेकिन पिछले 50 साल से सीटें 543 पर जमी हैं। इसका एक स्वाभाविक परिणाम सामने आया है- सीमित सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा। इसका लाभ उन लोगों को मिलता है जिनके पास पहले से ही राजनीतिक पूंजी मौजूद है, जैसे नाम की पहचान, सांगठनिक समर्थन या वंशानुगत पृष्ठभूमि। सीटों की संख्या में विस्तार केवल सीटों की संख्या नहीं बढ़ाता, बल्कि यह चुनावी क्षेत्र में प्रवेश की बाधाओं को भी कम करता है। एक विशाल संसद उन नए चेहरों के लिए जगह बनाती है, जो अन्यथा हाशिए पर ही रह जाते। भारतीय राजनीति में समय के साथ स्थिरता के कुछ क्षेत्र बन गए हैं, ऐसे निर्वाचन क्षेत्र कुछ खास व्यक्तियों, परिवारों या पार्टियों के लिए 'सुरक्षित सीटों' के तौर पर काम करते हैं। परिसीमन इस जड़ व्यवस्था पर चोट करता है। जब सीमाएं बदलती हैं, तो मतदाताओं की बनावट भी बदल जाती है।

कोई ऐसा निर्वाचन क्षेत्र, जो कभी किसी खास जातिगत समीकरण, सामुदायिक जुड़ाव या राजनीतिक नैरेटिव के पक्ष में रहा हो, हो सकता है कि अब वैसा न रहे। देश तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2029 तक भारत के मतदाताओं की बनावट आज या कुछ बरस पहले से काफी अलग होगी। जैसे-जैसे शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में नए निर्वाचन क्षेत्र उभरेंगे, उनके भीतर चुनावी प्रतिस्पर्धा का स्वरूप भी बदलेगा। जब मुकाबले का ढांचा बदलता है, तो पार्टियों को भी उसके हिसाब से ढलना पड़ता है, वरना उनके अप्रासंगिक हो जाने का खतरा रहता है।

इस तरह का बदलाव सिर्फ ऊपरी तौर पर नहीं होता। प्रतिनिधित्व में आया पीढ़ीगत बदलाव स्वाभाविक रूप से राजनीतिक विमर्श में भी बदलाव लाता है। जैसे-जैसे संसद में उनकी मौजूदगी बढ़ती जाएगी, राजनीतिक बहसों का समग्र स्वरूप भी बदल सकता है। इस तरह परिसीमन के आधार पर गठित 2029 की संसद भारत के भविष्य को लेकर एक ज्यादा जटिल और प्रगतिशील संवाद को दर्शा सकती है। हमें यह समझना भी बेहद जरूरी है कि परिसीमन कोई आसान सुधार नहीं है। इसके साथ कई किंतु-परंतु और राजनीतिक डर व आशंकाएं जुड़ी हैं। जो राज्य जनसंख्या वृद्धि को स्थिर करने में सफल रहे हैं, उन्हें अब राजनीतिक रूप से हाशिए पर जाने का डर है, जबकि तेजी से जनसंख्या बढ़ने वाले राज्य यह तर्क देते हैं कि प्रतिनिधित्व को वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाना चाहिए। राज्यों के बीच एक नैतिक मुकाबला मानने से एक संरचनात्मक संवैधानिक मुद्दे को राजनीतिक शिकायत में बदलने का जोखिम है। संसदीय सीटों का पूरी तरह से जनसंख्या-आधारित पुनर्वितरण संख्यात्मक समानता को संतुष्ट कर सकता है, लेकिन यह संघीय संतुलन को भी बिगाड़ सकता है। चुनौती यह नहीं है कि परिसीमन होना चाहिए या नहीं, बल्कि इसके गुणावगुण प्रभावों का संतुलन कैसे साधा जाए, इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। भारत के इतिहास में परिसीमन को इसकी राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण बार-बार टाला गया है। इस तरह के सुधार को आगे बढ़ाने के लिए ऐसी राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है जो तात्कालिक चुनावी हितों से कहीं आगे की सोच रखती हो। परिसीमन को केवल नक्शों को फिर से बनाने की प्रक्रिया के रूप में देखना इसके व्यापक महत्व को नजरअंदाज करना होगा। असल में यह लोकतांत्रिक चुनावी मैदान का एक पुनर्समायोजन है। लोकतंत्र सिर्फ गणित नहीं होता। जब मतदाता वर्ग स्वयं बदल रहा हो, तो उसके साथ कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिनिधित्व को भी विकसित होना पड़ता है।

(लेखक स्वतंत्रत पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विश्व पृथ्वी दिवस

रोहित कौशिक

हमारी समझदारी से ही बच सकेगी पृथ्वी

एक नए अध्ययन में बताया गया है कि महासागरों के तेजी से गर्म होने के कारण मौसम के चक्र में बदलाव का अनुमान है। वर्तमान में हिंद महासागर और इसके आसपास के देश वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक आपदाओं के सबसे अधिक खतरे वाले क्षेत्र के रूप में उभरे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज पृथ्वी को बचाने के लिए भाषणबाजी तो बहुत होती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो पाता है। यही कारण है कि पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस दौर में जिस तरह से मौसम का चक्र बिगड़ रहा है, वह हम सबके साथ-साथ समाज के उस वर्ग के लिए भी चिन्ता का विषय है जो ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा करने को एक फैशन मानने लगा था। दरअसल इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में पृथ्वी और पर्यावरण बचाने के नारे जोर-शोर से सुने जा सकते हैं, लेकिन जब नारे लगाने वाले ही इस अभियान की हवा निकालने में लगे हुए हों तो पृथ्वी और पर्यावरण पर संकट के बादल मंडराने तय हैं। आज विभिन्न देशों में अनेक मंचों से जो पर्यावरण बचाओ आन्दोलन चलाया जा रहा है, उसमें एक अजीब विरोधाभास दिखाई दे रहा है। पर्यावरण सभी बचाना चाहते हैं, लेकिन अपने त्याग की कीमत पर नहीं बल्कि दूसरों के त्याग की कीमत पर। स्थायी विकास एग्रीन इकोनॉमी और पर्यावरण सम्बन्धी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा जरूरी है, लेकिन इसका फायदा तभी होगा, जब हम व्यापक दृष्टि से सभी देशों के हितों पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि ग्रीन इकोनॉमी के तहत पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना सभी वर्गों की तरक्की वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करना शामिल है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हरित अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के क्रियान्वयन के लिए विकसित देश विकासशील देशों की अपेक्षित सहायता नहीं करते हैं। स्पष्ट है कि विकसित देशों की हठधर्मिता की वजह से पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं बन पाती है। दरअसल इस दौर में पर्यावरण की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हालात यह है कि मौसम का समस्त चक्र भी अनियमित हो गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम की यह अनिश्चितता और तापमान का उतार-चढ़ाव जलवायु परिवर्तन के कारण है। जलवायु परिवर्तन के कारण एक ही ऋतु में किसी एक जगह पर ही मौसम में उतार-चढ़ाव या परिवर्तन हो सकता है। वास्तव में हम पिछले अनेक दशकों से भ्रम में ही जी रहे हैं। यही कारण है कि पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि जलवायु परिवर्तन की यह समस्या किसी एक शहर, राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। हालांकि इस चिन्ता में खोखले आदर्शवाद से लिपटे हुए नारे भी शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन पर होने वाले सम्मेलनों में हम इस तरह के नारे अक्सर सुनते रहते हैं। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से जलवायु परिवर्तन का मुद्दा हल हो सकता है। यह सही है कि ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से विभिन्न बिन्दुओं पर सार्थक चर्चा होती है और कई बार कुछ नई बातें भी निकलकर सामने आती हैं। यदि विकसित देश एक ही लीक पर चलते हुए केवल अपने स्वार्थों को तरजीह देने लगें तो जलवायु परिवर्तन पर उनकी बड़ी-बड़ी बातें बेमानी लगने लगती हैं। दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है। ज्यादातर विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन के प्रति सफलतापूर्वक अनुकूलन के लिए आर्थिक एवं प्रोद्योगिकीय स्त्रोतों का अभाव है। दरअसल हरेक परिस्थितिक तंत्र के लिए अनुकूलन विशिष्ट होता है। गौरतलब है कि विभिन्न तौर-तरीकों से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है। इन तौर-तरीकों में ऊर्जा प्रयोग की उन्नत क्षमता एवनों के काटने पर नियंत्रण और जीवाष्म इंधन का कम से कम इस्तेमाल जैसे कारक प्रमुख हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नहीं है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

मानव धर्म ही सर्वोपरि

संकलित
प्रेरणा

19	शिवबगस पिता गैंदा जाति-तेली	553/1	0.611	0.065	असिंचित
20	हीरासिंह पिता गैंदा जाति-तेली	553/2	0.611	0.065	असिंचित
21	यनुरूज पिता सुकदेव जाति-लोधी	537/2	0.142	0.028	असिंचित
22	नरेश पिता उभेराम जाति-तेली	546/1	0.355	0.109	असिंचित
23	रजला पिता जैतराम जाति-लोधी	543/2	0.191	0.158	असिंचित
24	रतन, परसोत्तम, दशोदा, रामबाई, हिमौतिन पिता बलीराम सुखबाई पति बलीराम जाति-लोधी	543/3	0.198	0.049	असिंचित
25	शत्रुहन, योगेश, पूर्णिमा, लक्ष्मी, डिलेश्वरी पिता राधेश्याम मितन बाई पति बेवा राधेश्याम जाति-तेली	542	0.281	0.065	असिंचित
26	हरीओम पिता ललित जाति-तेली	539/1	0.036	0.036	असिंचित
27	खिलेश्वर पिता यनुरूज चूमन जंघेल पिता संतोष जाति-लोधी	539/4	0.036	0.036	असिंचित
28	मांगीलाल, मोतीलाल, बसंत पिता बन्दूराम जाति-लोधी	513/2	0.336	0.162	असिंचित
29	हरिओम, नाबालिक मयंक पिता ललित (पालक संध्या), संध्या पति ललित भोजराम पिता हीरालाल जाति-तेली	612/3	0.254	0.036	असिंचित
30	तिहारू पिता अंकालू जाति-तेली	612/2	0.230	0.230	असिंचित
31	ईश्वरी, केदार पिता बृजलाल जाति-तेली	612/1	0.275	0.134	असिंचित
32	दयाराम पिता सेतुराम जाति-तेली	612/4	0.279	0.134	असिंचित
33	गणेश प्रसाद जंघेल, कमल किशोर जंघेल उर्फ कमलेश, चिरंजलाल पिता नन्हेराम कुन्ती बाई पति नन्हेराम सुकदेव जंघेल पिता परदेशी जाति-लोधी	389	0.053	0.053	असिंचित
		387	0.053	0.020	असिंचित
	योग	**2**	**0.106**	**0.073**	
34	बंशी पिता बोधन जाति-लोधी	556/2	0.182	0.016	असिंचित
35	घनश्याम पिता धनुक जाति-तेली	556/1	0.178	0.016	असिंचित
36	गोविंद पिता गरीबा जाति-सतनामी	372/1	0.405	0.024	असिंचित
37	संतोष, रमेश, महेश पिता दुरू जाति-साहू	372/2	0.081	0.012	असिंचित
38	नरेश पिता मन्नू जाति-तेली	513/3	0.230	0.008	असिंचित
39	नाबा. शिवम पिता भोजराम पालक भोजराम जाति-तेली	539/2	0.036	0.012	असिंचित
40	गीताबाई पति कुशु उर्मिलाबाई पति भंवरलाल जाति-तेली	114/6	0.073	0.045	असिंचित
	कुल योग	**49**	**8.778**	**3.047**	

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

अपर कलेक्टर
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

G-262700284/1

हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

मुंबई। 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

लाइफ Style

दिशा
आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है। 'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'

कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया सामाज्य

नई दिल्ली। हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था।

रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रतन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया। इससे पहले रतन खत्री ने कच्छ के एक व्यापारी कल्याणजी भगत के लिए काम किया, जो वर्ली मटका के लिए जाने जाते थे। यह भी एक तरह का सट्टा ही था। इसमें न्यूयॉर्क कॉटन एक्सचेंज से ट्रांसमिट होने वाले कपास की कीमतों पर सट्टेबाजी की जाती थी। खत्री और उनके दोस्त भी कपास बाजार की कीमतों पर सट्टा लगाते थे। फिर रतन खत्री के दोस्तों ने उनसे कहा कि वह सट्टेबाजी का अपना खुद का अलग सिंडिकेट शुरू करें। इस तरह रतन खत्री ने अलग सिंडिकेट शुरू किया, जिसका नाम 'रतन मटका' या 'मेन बाजार मटका' रखा।

घर से निकलने में भी लगता है डर



नई दिल्ली। कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था। कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट से निकलने के बाद मीडिया से बात की। बताया कि वह बीते 16 महीने से काफी टेंशन में जी रहे हैं। इस कारण उनका 10 किलो वजन भी कम हो गया है। आलम ये है कि अब मुंबई में भी जब कभी उनके आस-पास कोई मौजूद होता है, तो उसे शक की नजरों से देखते हैं।

मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत

मुंबई। सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को

जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।'

सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम

मुंबई। सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।

है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

मुंबई। डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टेलीकॉलर

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है। बायोडाटा सहित संपर्क करें फटाक एंड फटाका, अरविंद कार्ड के पास फुलचौक रायपुर 9993586600.(आरो-408)

लेबर

आवश्यकता है- मॉल उतरने चढ़ाने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है अमर पालिप्रिंट इंडस्ट्रीज एम जी रोड रायपुर मो 9926238137.(आरो-0389)

कुक/कैप्टन

आवश्यकता है- होटल प्रिंस बार एंड रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु 01 इटेलियन इंडियन कुक एवं 01 कैप्टन (जो मैनेजमेंट कोर्स किया हो) एवं 01 कम्प्युटर ऑपरेटर (ड्यूटी 12 घंटे) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें- 85188-11111 गंजपारा दुर्ग (आरो-6638)

हरिभूमि क्लासीफाईड

ड्राइवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30 बजे तक , रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से शाम 6:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें) सैलरी 25,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222.(आरो-03)

आवश्यकता है- जो चार पहिया वाहन अच्छी तरह चला सके ड्राइवर की अविनाश कैपिटल होम्स फेस 2, सड्डू, रायपुर, कचना, दलदल सिवनी, के क्षेत्रों को प्राथमिकता संपर्क:- 09425524905.(आरो-02)

इंजीनियर/अकाउन्टेंट

आवश्यकता है- सीमेंट सेल्स एक्जीक्यूटिव , और सिविल इंजीनियर, टेलिकालिंग अकाउंटेंट हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। पता- हथबंद रोड तेंदुआ हथबंद छत्तीसगढ़ संपर्क करें- 7898375247, 8815464571.(आरो-6647)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके सोनभद्र उत्तर प्रदेश ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 बर्ष वेतन 9000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- ,6265407475, 9303374409(आरो-402)

बड़ा लाभ

हेल्पर

आवश्यकता है- गोल बाजार रायपुर शॉप के लिए लेडिस स्टाफ हेल्पर (आकर्षक वेतन+ ओवर टाइम) केवल मेहनती परमानेंट काम के इच्छुक संपर्क करें। अक्षर प्रिंटर्स, अलका रेस्टोरेंट के बाजू गली में चिकनी मंदिर चौक, गोल बाजार, रायपुर (आरो-0388)

सर्विसमैन

URGENT REQUIREMENT Kumhari Fee Plaza, Raipur (Chhattisgarh) Position: Ex-Servicemen (ESM) – S.I. (Graduate) Experience Required: Minimum 05 Years Apply Within: 05 Days Email: jsrs.toll @gmail.com WhatsApp: 6265997505. (RO-6648)

दवा दुकान

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल थोक दवा दुकान हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- साईं गणेश फार्मा शॉप 25 न्यू मेडिकल कांप्लेक्स रजबंधा मैदान रायपुर 7509312311. (RO-03)

टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन – 3 , टेलीकॉलर – 3 , फील्ड वर्कर – 3 , सेल्स रिप्रेजेंटेटिव – 6, दीपिका सर्विसेज - कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर मोबाइल: 9826652461. (आरो-6649

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

ऑफिस/फील्ड वर्क

आवश्यकता है- एलआईसी में 12वीं पास लड़कों की आवश्यकता ऑफिस वर्क और फील्ड वर्क के लिए लड़कों की जरूरत है। आकर्षक सैलरी + इंसेंटिव। फ्री ट्रेनिंग दी जाएगी। करियर बनाने का सुनहरा मौका। इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें:- 7470392352.(आरो-6650)

अकाउंटेंट

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अकाउंटेंट की आवश्यकता है संपर्क- जैन ट्रेडर्स, आकृति बिहार अमलीडीह रायपुर मोबाइल- 9753674707, 0771-4075490.(आरो-6639)

ड्रायवर/कर्मचारी

शीघ्र आवश्यकता है- 6 टाटाएस ड्रायवर व (10000-15000) रायपुर से बाहर गाड़ी चला सके। नशा ना करता हो, 1 ई रिक्शा ड्रायवर (8000-12000) 1 सफाई कर्मचारी एंव 1 महिला जो घर में रहकर काम कर सके (8000-10000) संपर्क पी.एस सिटी रायपुर। 79743-51591, 63521-79578.(RO-4117)

Property प्रापर्टी

ऑफिस

Sale Office Space- for sale 465sf 5th floor,shop no FIOF-18 South block, surya treasure Island Mall , bhilai-durg , Price- 27.50 lakhs(negotiable) Contact. No. 8319970734.(आरो नं.-10442)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ

पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

तांत्रिक सम्राट डॉ. जे.पी. दुबे तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)

गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर 96302-33918, 9238384295

नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।

स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।

आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करें:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515.(आरो न.-4146)

हरिभूमि क्लासीफाईड

Finance फायनेंस

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 10 वी,12 वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, सैलरी 28500/- से 45500/- (रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 7838025061.(आरो-031)

फाइनेंस- कुबेर फाइनेंस मुद्रा योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 15 लाख तक)(1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, , ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 8882627857.(आरो-4376)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL-

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE (10X1 FIX SIZE)

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com

Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध मे किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध मे किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड

Healthcare

प्रधानमंत्री के 'राष्ट्र के नाम संबोधन' पर विवाद, कांग्रेस ने दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'राष्ट्र के नाम संबोधन' पर विवाद शुरू हो गया है। कांग्रेस ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। कांग्रेस सांसद और लोक लेखा समिति के अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 18 अप्रैल, 2026 को संबोधन में लोकसभा के सदस्यों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। वेणुगोपाल ने कहा कि संबोधन में विपक्ष के इरादों पर सवाल उठाना सदन अवमानना का गंभीर मामला है।

प्रधानमंत्री ने सांसदों की आजादी पर उठाया सवाल : कांग्रेस सांसद ने पत्र में कहा कि लोकसभा में विपक्ष संविधान संशोधन का विरोध कर रहा था और महिला आरक्षण को पूरा समर्थन दिया है। उन्होंने लिखा कि यह बात साबित हो चुकी है कि संसद में दिए भाषणों के बारे में सांसद पर सवाल उठाना, उनपर आरोप लगाना, इरादों पर सवाल उठाना विशेषाधिकार का बड़ा उल्लंघन और सदन की बेइज्जती के बराबर है। इसलिए प्रधानमंत्री की ये बातें, सांसदों की आज़ादी-ईमानदारी और संसद के कामकाज पर सवाल उठाती है।

क्या है मामला ? : केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण से जुड़े 3 विधेयकों को पास कराने के लिए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया था, जिस पर लंबी बहस हुई। शुक्रवार को शाम 5 बजे के बाद हुए मतदान में इसे जरूरी 2 तिहाई वोट नहीं मिल सके और यह प्रस्ताव गिर गया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने 18 अप्रैल को रात साढ़े 8 बजे दूरदर्शन पर 'राष्ट्र के नाम संबोधन' किया, जिसमें विपक्षी सांसदों की आलोचना की थी। प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को लेकर 700 विशेष लोगों ने भी चुनाव आयोग से शिकायत की है और चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं ने मांग की कि चुनाव के बीच ऐसा संबोधन चुनाव को प्रभावित कर सकता है, जिसकी आयोग को जांच करनी चाहिए। शिकायत करने वालों में दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव, अर्थशास्त्री जयति घोष, संगीतकार टीएम कृष्णा, पूर्व सचिव ईएएस शर्मा समेत अन्य शामिल हैं।

विपक्ष के इरादों पर सवाल उठाना सदन अवमानना का गंभीर मामला बताया

अनैतिक और सत्ता का खुला दुरुपयोग

कांग्रेस सांसद ने स्पीकर को दिए पत्र में लिखा, 'मैं लोकसभा के नियमों के तहत प्रिविलेज के सवाल का नोटिस दे रहा हूं, क्योंकि प्रधानमंत्री ने 18 अप्रैल को अपने भाषण में लोकसभा सदस्यों पर गलत टिप्पणी की थी।' उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री ने भाषण में बिल रोकने के लिए विपक्षी सदस्यों के वोटिंग पैटर्न पर सीधा सवाल उठाया और उनके पीछे के मकसद बताए, जो पहले कभी नहीं हुआ। वेणुगोपाल ने इसे अनैतिक और सत्ता का खुला दुरुपयोग बताया।

कांग्रेस ने रखी मांग

वेणुगोपाल ने लिखा कि प्रधानमंत्री का भाषण आचार संहिता के अलावा, विपक्ष के हर सदस्य के विशेषाधिकार का साफ और गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने इसे गंभीर घटना बताते हुए जानबूझकर विशेषाधिकार का उल्लंघन और सदन की अवमानना मानकर संज्ञान लेने, लोकसभा की प्रिविलेज कमिटी के पास भेजने की मांग की, ताकि प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई शुरू की जा सके। उन्होंने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया जाए ताकि उल्लंघन को नजरअंदाज और दोहराया न जा सके।

जैकेट के शेष

ग्रामोद्योग की करनी...

मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग ने न केवल भुगतान रोका, बल्कि समितियां बनाकर गड़बड़ी की जांच की और अब सप्लायरों के 2 करोड़ 43 लाख रुपए के भुगतान पर रोक लगा दी है। सप्लायरों को ब्लैक लिस्ट करने की तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर साड़ी की गुणवत्ता और मापदंडों पर सवाल उठ रहे थे। कुछ वीडियो सामने आए जिसमें साड़ी को पानी में भिगोते ही रंग निकल रहा था। महिला एवं बाल विकास ने जनवरी, 2026 को आधिकारिक आदेश जारी कर एक जांच समिति गठित कर दी गई। समिति को साफ निर्देश दिए गए कि 15 दिनों के भीतर पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जांच में इस बात की पुष्टि की गई कि साड़ी आपूर्ति में सप्लायरों ने मानकों का पालन नहीं किया गया है। रंग निकलने और साइज कम होने की शिकायतें सही पाईं गईं। कई जिलों में पाया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी गईं साड़ियों की गुणवत्ता सही नहीं है। जांच रिपोर्ट के आधार पर विभाग ने जांच को और गंभीरता से लेते हुए जांच का दायरा बढ़ाया।

हाईकोर्ट ने 8 कर्मियों की...

सुनवाई के ही बर्खास्तगी कर दी गई, जो निंदनीय है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने माना कि कर्मचारी नियमित होने के बाद संविधान के अनुच्छेद 311(2) के तहत सुरक्षा के हकदार थे। इसके अनुसार किसी भी सरकारी कर्मचारी को बिना विभागीय जांच और सुनवाई के सेवा से नहीं हटाया जा सकता। हाईकोर्ट ने 21 सितंबर 2020 के बर्खास्तगी आदेश और 17 मार्च 2021 के अपील आदेश को मनमाना और गैर-कानूनी बताते हुए रद्द कर दिया। साथ ही सभी 8 कर्मचारियों को सेवा में बहाल करने का निर्देश दिया गया है।

अफसर का तोता पेड़ की...

यह स्पष्ट कर रहा है कि तोते को पकड़ने के लिए ही फायर ब्रिगेड का इस्तेमाल किया गया। लोग यह भी कह रहे हैं कि फायर ब्रिगेड का उपयोग गर्मी में आग लगने की घटना के बढ़ने पर अधिक होता है। उसका तोते को पकड़ने के लिए प्रयोग विभाग के अफसर का गैर जिम्मेदाराना रवैये को दर्शाता बताया जा रहा है। गौरतलब है कि नारायणपुर के विधायक और राज्य के वरिष्ठ मंत्री केदार कश्यप का यह निर्वाचन क्षेत्र है। ऐसे में इस मामले पर जांच और कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

पेज एक के शेष

25 लाख की टंकी छह साल...

लेकिन टंकी से एक बूंद पानी नहीं मिला। उपसरपंच रोशन तारक ने बताया कि गांव मे तीन अलग अलग स्थानों पर बोरवेल खनन कराया गया । लेकिन एरिया ड्राई होने के कारण तीनो ही प्रयास असफल रहे । गांव वालों ने यह भी बताया कि लो वोल्टेज के कारण सबमर्सिबल पंप चल नहीं पाता।

ठेकेदार भागा: यहां के झिटकी गांव में जल जीवन मिशन के तहत 41 लाख रुपए की योजना दो सालो से अधर में है। डेढ़ हजार की आबादी वाले इस गांव के पंच डीकुमार दीवान और पूर्व पंच माधव सेन ने बताया कि गली मे पाइप लाइन बिछाने और पानी टंकी निर्माण का कार्य शुरू तो किया गया था, लेकिन ठेकेदार काम को बीच मे ही छोड़ कर भाग गया ।

एक करोड़ की टंकी में ...

जम्हर, राजाडेरा, कोकोभाठा, कोचर्रा, खुशरूपाली, ठाकुरदिया खुर्द एवं कैलाशपुर में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकी और बिछाई गई पाइपलाइन अब तक उपयोग में नहीं आ सकी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता डीपी वर्मा ने बताया कि पिथौरा विकासखंड में कुल 241 गांव हैं, जिनमें से केवल 74 गांवों में नल जल योजना के माध्यम से घरों तक पानी की आपूर्ति शुरू हो पाई है, जबकि शेष 167 गांवों में कार्य अधूरा है और जलापूर्ति प्रारंभ नहीं हो सकी है। ग्राम पंचायत जम्हर में लगभग 3 वर्ष पूर्व पानी टंकी का निर्माण, पाइपलाइन बिछाने और घर-घर नल कनेक्शन देने का कार्य पूरा कर लिया गया था। इस पर एक करोड़ रुपए खर्च किए गए, लेकिन करीब दो हजार की आबादी वाले इस गांव में आज तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। वहीं करीब 700 जनसंख्या वाले राजाडेरा में 2022-23 में 78.67 लाख रुपए की लागत से 40 किलोलीटर क्षमता की पानी टंकी का निर्माण किया गया था। निर्माण कार्य पूर्ण हुए 3 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक इस टंकी से जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। अप्रैल माह की भीषण गर्मी में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उन्हें अब तक नहीं मिला सका है। पानी टंकी और पाइपलाइन सिर्फ दिखावे की वस्तु बनकर रह गई हैं।

भीषण गर्मी और अधूरी टंकी...

लापता: पेयजल संकट को दूर करने के लिए साल भर पहले एक और नई पानी टंकी का निर्माण शुरू हुआ था, जो केवल एक अधूरे ढांचे के रूप में खड़ी है। पिछले 6 महीनों से इस नई टंकी का निर्माण कार्य बंद पड़ा है।

मुन्नाभाइयों को कसने ...

तो उस पर 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। साथ ही, परीक्षा की पूरी लागत भी उसी संस्थान से वसूली जाएगी और उसे 3 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को 3 से 10 वर्ष की जेल और 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।संगठित अपराध पर प्रहार यदि परीक्षा में गड़बड़ी किसी संगठित समूह या गिरोह द्वारा की जाती है, तो दोषियों को 3 से 5 वर्ष तक की जेल और कम से कम 1 करोड़ रुपये के जुर्माने की सजा दी जाएगी। ऐसे मामलों में आरोपियों की संपत्ति की कुर्की और जब्ती भी की जा सकेगी।

ये है अनुचित साधन : इस अधिनियम के तहत पेपर लीक करना, उत्तर कुंजी उजागर करना, परीक्षार्थी के स्थान पर किसी दूसरे व्यक्ति का बैठना (प्रतिरूपण), ओएमआर शीट या मूल्यांकन रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ करना और नकली वेबसाइट के जरिए धोखाधड़ी करना अनुचित साधन की श्रेणी में रखा गया है ।

परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा : कानून के अनुसार, अनधिकृत व्यक्ति परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं कर पाएंगे । इसके अलावा, लोक परीक्षा प्राधिकरण की अनुमति के बिना किसी भी अन्य स्थान का उपयोग परीक्षा केंद्र के रूप में करना दंडनीय अपराध होगा ।इस अधिनियम के तहत दर्ज अपराधों की जांच उप-पुलिस निरीक्षक से कम रैंक का अधिकारी नहीं करेगा। मामलों का विचारण 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023' के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

भारी वाहन ने स्कूटी को...

रात्रे 51 वर्ष पिता गोकुल प्रसाद रात्रे अपनी पत्नी छतन बाई रात्रे उम्र 50 वर्ष के साथ अपने एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 12 एडब्ल्यू 9391 में सवार होकर मंगलवार की सुबह पड़ोसी जिला सक्ति के ग्राम नगरदा रिश्तेदार के यहां अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

62 वर्षों में पहली बार...

के विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। सभी संकायों की पाठ्यक्रम आधारित किताबें उपलब्ध होने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा एवं विविध तरह की पुस्तकें भी यहां हैं। इनमें से 248 किताबों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनकी स्थिति इतनी खराब हो गई है कि अब विद्यार्थी इन्हें पढ़ नहीं पा रहे हैं। बीते दिनों हुई कार्यपरिषद की बैठक में इन पुस्तकों के अपलेखन के संबंध में प्रस्ताव रखा गया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। रविवि ने इन किताबों की कीमत 57,771 रुपए बताई है। अनुपयोगी पुस्तकों के अपलेखन के लिए समिति भी गठित की गई थी। रविवि प्रबंधन के मुताबिक, इन किताबों को ना तो जलाया जाएगा और ना ही किसी अन्य विधि से नष्ट किया जाएगा। इन्हें रद्दी में भी नहीं बेचा जाएगा। केवल इन्हें पृथक रूप से रखा जाएगा, जिसे पढ़ने की अनुमति छात्रों को नहीं होगी। सूत्रों के अनुसार, इन किताबों में गणित, विज्ञान, कानून, साहित्य सहित विविध तरह की किताबें हैं। इनमें से अधिकतर किताबें इतनी अधिक इस्तेमाल में लाई जा चुकी हैं कि उनके आवरण पृष्ठ भी नष्ट हो चुके हैं। कई किताबें 3-4 दशक से भी अधिक प्राचीन हैं। किताबों के अपलेखन का अर्थ है कि उन्हें सामान्य उपयोग से हटा दिया गया है। ऐसा उन्ही पुस्तकों के साथ किया जाता है जो अत्यंत जीर्ण-शीर्ण हो जाती हैं।

फिलिस्तीन पर यूएन की विशेष दूत फ्रांसेस्का का आरोप

भारत ने इजरायल की मदद कर अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ा'

एजेंसी ▶▶| रोम

मानवाधिकार कार्यकर्ता और फिलिस्तीन में यूएन की विशेष रैपोर्टेयर फ्रांसिस्का अल्बानीज ने गाजा की स्थिति पर बात की है। उन्होंने कहा है कि इजरायल की ओर से गाजा में जो किया जा रहा है, उसे किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता है। फ्रांसिस्का ने इजरायल के फिलिस्तीन में किए जा रहे हमलों पर दुनिया के ठंडे रवैये को लेकर सवाल खड़े किए हैं। खासतौर से भारत के इजरायल से संबंधों पर फ्रांसिस्का ने एतराज जाहिर किया है। एक भारतीय अखबार के साथ बातचीत में फ्रांसिस्का ने इजरायल-फिलीस्तीन से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए हैं। इटली की रहने वालीं अल्बानीज ने इस साल, 23 मार्च को यूएन मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में अपनी रिपोर्ट 'यातना और नरसंहार' पेश की है। उन्होंने आरोप लगाया, 'युद्ध अपराधी इजरायल और नेतन्याहू की मदद करके भारत अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर रहा है। भारत को जवाबदेही का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि भारत में इस मुद्दे पर कई अलग-अलग रुख देखने को मिले हैं। भारत की सिविल सोसायटी और कई दूसरे लोगों ने लगातार फिलिस्तीन और गाजा के लिए आवाज भी उठाई है।' पीएम नरेंद्र मोदी के इजरायल दौरे पर फ्रांसिस्का अल्बानीज ने कहा कि भारत के पीएम इजरायल गए और उनके वहां की संसद में संबोधन की काफी ज्यादा चर्चा हुई। इस पर कुछ कहना बहुत अजीब है।

भारत का रुख ठीक नहीं

अल्बनीज ने आगे कहा, 'हमने इटली में लगातार सवाल उठाए हैं और अपनी सरकार को फिलिस्तीन मुद्दे पर बोलने के लिए मजबूर किया है। मैं चाहूंगी कि भारत के लोग भी इस मुद्दे पर मुखरता से बात करें और अपनी सरकार से सवाल पूछें। हम इजरायल की ओर से किए जा रहे जुल्म ज्यादती पर चुप नहीं रह सकते हैं।' भारत और इजरायल से संबंधों और खासतौर से गाजा युद्ध के समय दिल्ली से तेल अवीव को मदद पर अल्बनीज ने दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि ये सब जानना-पढ़ना अच्छा नहीं है। ये सब तब हुआ, जब इंटरनेशनल कोर्ट ने इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को अपराधी मानते हुए उनके खिलाफ वारंट जारी कर रखा है।

बर्लिन में जर्मनी की संसद को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

पश्चिम-एशिया संकट के बीच भारत ने प्रदर्शित की सक्रिय-समन्वित रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत जर्मनी पहुंचे। जहां उन्होंने बर्लिन में जर्मनी की संसद को संबोधित करते हुए पश्चिम-एशिया संकट का का उल्लेख करते हुए कहा भारत ने इस चुनौती के संदर्भ में सक्रिय और समन्वित रणनीति अपनाई है। जो कि हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों को शांति, दूरदृष्टि और प्रभावी संस्थागत समन्वय के साथ जवाब देने की क्षमता को मजबूती के साथ प्रदर्शित करता है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में भारत और जर्मनी के बीच रक्षा औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने का भी आह्वान किया है। साथ ही उभरते हुए सुरक्षा संबंधी खतरों का मुकाबला करने के लिए जर्मनी के उद्योगों को भारत में सह-निर्माण, विकास और सह-नवाचार के लिए आमंत्रित किया है।

साझेदारी से होगा दोनों देशों को लाभ

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में कई बड़े और महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। जिससे जर्मनी के साथ हमारी रक्षा साझेदारी बढ़ी है। इसकी मदद से जर्मनी के उद्योगों को साझा रूप से फायदा मिल सकता है। दोनों देश अपनी भागीदारी को और अधिक आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा सामरिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए दिए गए जोर का भी जिक्र किया। भारत और जर्मनी केवल रणनीतिक साझेदार नहीं हैं। बल्कि वर्तमान समय में वैश्विक संवाद को आकार देने में भी इनकी अहम भूमिका है।

भारतीय रेलवे चलाएगा 908 समर स्पेशल ट्रेन

नई दिल्ली। गर्मी की छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में होने वाली भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने 908 समर स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। यह ट्रेन 15 जुलाई तक 18262 फेरे लगाएंगी। इनमें से 11294 फेरे अधिसूचित किए जा चुके हैं। शेष सेवाओं को जल्द अधिसूचित कर दिया जाएगा। इस बार मध्य रेलवे में 3082 फेरे, पूर्व मध्य रेलवे में 2711 फेरे और उत्तर पश्चिम रेलवे में 2245 फेरे की सुविधा मिलेगी।

■ लगेंगे कुल 18,262 फेरे, यात्रियों को बड़ी राहत

इन जोन में सबसे अधिक ट्रेन के फेरों की सुविधा मिलेगी। जबकि अन्य जोन के लिए भी जरूरत के आधार पर ट्रेन चलाई जा रही हैं। रेलवे अधिकारी ने बताया कि 15 जुलाई तक की इनमें से 660 ट्रेनों को पहले ही अधिसूचित किया जा चुका है। इनमें 11294 फेरे शामिल हैं।

मेक्सिको के यूनेस्को साइट पर फायरिंग-एक कनाडाई महिला की मौत

मेक्सिको। मेक्सिको के यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में एक गोलीबारी में 32 साल की टूरिस्ट कनाडाई महिला की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, हमलावर ने घटना के बाद खुद को भी गोली मार ली। हमले में कई अन्य लोग घायल हुए। घटना के समय मौजूद लोगों ने बताया कि टियोतिहुआकान पिरामिड साइट के पिरामिड ऑफ द मून से अचानक गोली चलने की आवाजें सुनाई दीं। लोग इधर-उधर भागने लगे। हमलावर अंधाधुंध फायरिंग कर रहा था। घटना स्थल से पुलिस ने एक बंदूक, धारदार हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए। स्टेट सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टोबाल कास्टानेडा कामारिलो ने बताया कि घायलों में दो कोलंबियाई, एक रूसी और एक कनाडाई नागरिक शामिल हैं।

:: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती पूजा अग्रवाल पति-नवीन अग्रवाल निवासी-सफायर ग्रीन, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) ने विक्रेतागण 1. श्री विरेन्द्र ताम्रकार पिता-राम कुमार, 2. गणेशी बाई ताम्रकार पिता-मनराखन लाल ताम्रकार निवासी- लवन, तह. लवन जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो वाके मौजा ग्राम-सेमरिया, प.ह.नं.-37, रा.नि.मं. रोहांसी, तह. पलारी जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित है जिसका ख.नं.-248/6 रकबा 2.8380 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है तथा उक्त भूमि का विक्रय बैनामा पंजीयन शेष है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय तथा अर्द्ध शासकीय संस्था, समिति, बैंक अथवा निकाय को इस सौदे के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दावा, आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार के द्वारा शेष राशि का भुगतान कर उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन की कार्यवाही अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 21/04/2026

भवदीय
गगन वैष्णव, संजय दास
अधिवक्तागण
सेक्टर-01, शिवानंद नगर खमतराई
रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9893338133

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक / सम्पदा शा. / 2026 / 89 — भिलाई-चरौदा, दिनांक 21/04/2026

--:: आम नीलामी सूचना ::--

नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा क्षेत्रांतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज व्यावसायिक परिसर में रिक्त भूखंडों की आम नीलामी के माध्यम से अधिकतम प्रब्याजी राशि पर निम्नानुसार तिथि 11, 12, 13, 14 एवं 15 मई 2026 को नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा के सभागार कक्ष में समय 12.00 बजे से की जावेगी।

क्र.	भूखंडों की संख्या	ब्लाक क्रमांक	भूखंड क्रमांक	भूखंड का आकार	सरकारी बोली प्रति भूखंड	धरोहर राशि प्रति भूखंड (10%)
1	2	3	4	5	6	7
नीलामी दिनांक 11.05.2026						
1	59 नग	35	1, 2, 3, 4, 5, 7, 8, 11, 12, 17, 18, 19, 20, 21, 24	9x15 मी. = 135 व.मी.	12,71,300/-	1,27,150/-
नीलामी दिनांक 12.05.2026						
		35	25, 26, 27, 28	9x15 मी. = 135 व.मी.	12,71,300/-	1,27,150/-
2		37	19, 20, 21, 23, 24, 25, 26	9x15 मी. = 135 व.मी.	12,71,300/-	1,27,150/-
3		38	3, 4, 7, 8	9x15 मी. = 135 व.मी.	12,71,300/-	1,27,150/-
नीलामी दिनांक 13.05.2026						
		38	16, 17, 18, 19, 21	9x15 मी. = 135 व.मी.	12,71,300/-	1,27,150/-
4		50	2, 3, 4, 5, 6	4.50x9 मी. = 40.5 व.मी.	3,81,390/-	38,150/-
			भूखंड क्र. 11	9x15 मी. = 135 व.मी.	12,71,300/-	1,27,150/-/-
5		51	1, 2, 3, 7	4.50x9 मी. = 40.5 व.मी.	3,81,390/-	38,150/-
नीलामी दिनांक 14.05.2026						
			8, 9, 10	4.50x9 मी. = 40.5 व.मी.	3,81,390/-	38,150/-
			13, 14, 15	9x15 मी. = 135 व.मी.	12,71,300/-	1,27,150/-
6		58	4, 5, 10, 11, 12, 13	4.50x9 मी. = 40.5 व.मी.	3,81,390/-	38,150/-
7		61	2	9x15 मी. = 135 व.मी.	12,71,300/-	1,27,150/-
8		43A2 से लगा भूखंड		54 मी.	5,08,520/-	50,850/-

सामान्य शर्तें:-
1. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को धरोहर राशि डी.डी./ बैंकर चेक नीलामी प्रारंभ होने के 01 घण्टा पूर्व जमा करना होगा। उच्चतम एवं द्वितीय क्रम बोलीदाता की धरोहर राशि रोककर शेष बोलीकर्ता की धरोहर राशि नीलामी समाप्ति पश्चात वापस कर दी जावेगी।
2. नीलामी संबंधी नियम शर्तों का विस्तृत जानकारी निगम के संपदा विभाग से अवलोकन किया जा सकता है, अथवा राशि 500/- रू. जमा कर नियम शर्त की प्रति प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में नीलामी शर्त कंडिका क्र. 01 से कंडिका क्र. 30 लागू होगी।
3. बोलीदाता को सरकारी बोली से अधिक राशि पर बोली प्रारंभ करना होगा।
4. किसी भी बोली स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा के पास सुरक्षित होगा।
5. उक्त तिथि में नीलामी न होने पर शेष बचे भूखंडों का आम नीलामी दिनांक 15.05.2026 को नीलामी की कार्यवाही संपन्न की जावेगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम भिलाई- चरौदा

राशिफल

मेष — आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और प्रगति से भरा रहेगा। करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जहां आपका नेतृत्व कौशल चमकेगा।

वृष — आज स्थिरता और संतुलन का दिन रहेगा। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें, अनावश्यक खर्च से बचें। बातचीत से समस्याएं हल होंगी।

मिथुन — आज अवसरों और रचनात्मकता से भरा दिन है। संचार कौशल बढ़ेगा, नए विचारों से करियर में तरक्की संभव। उत्साह बनाए रखें।

कर्क — आज भावनात्मक संतुलन और आत्म-निरीक्षण का दिन रहेगा। परिवार में खुशियां रहेंगी, लेकिन कार्यस्थल पर दबाव हो सकता है।

सिंह — आज ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा दिन है। करियर में सफलता के नए अवसर मिल सकते हैं, नेतृत्व क्षमता चमकेगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

कन्या — आज व्यावहारिकता और मेहनत का दिन रहेगा। कार्यस्थल पर पुराने काम पूरे होंगे, लेकिन नई योजनाओं में सावधानी बरतें।

तुला — आज संतुलन और रिश्तों पर फोकस रहेगा। प्रेम और वैवाहिक जीवन में गहराई आएगी, लेकिन छोटी बातों पर ध्यान दें। करियर में टीम वर्क फायदेमंद होगा।

वृश्चिक — आज गहनता और परिवर्तन का दिन है। करियर में चुनौतियां आएंगी, लेकिन मेहनत से सफलता मिलेगी। परिवार में भावनात्मक मुद्दे हल होंगे।

धनु — आज साहस और नई शुरुआत का दिन रहेगा। यात्रा या शिक्षा से जुड़े काम फायदेमंद होंगे। करियर में प्रगति संभव। परिवार में खुशियां रहेंगी।

मकर — आज अनुशासन और मेहनत का दिन है। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में देरी हो सकती है। परिवार में शांति बनी रहेगी।

कुंभ — आज नवीन विचारों और सामाजिक गतिविधियों का दिन रहेगा। दोस्तों और नेटवर्क से फायदा हो सकता है। करियर में रचनात्मकता दिखाएं।

मीन — आज आध्यात्मिकता और आत्म-चिंतन का दिन है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, योग-ध्यान लाभकारी रहेगा। करियर में छोटे बदलाव फायदेमंद।

शब्द पहेली - 6203



बाएँ से दाए-
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

ऊपर से नीचे
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

शब्द पहेली -6202 का हल

सूडोकु नवताल - 6213

★★★★★ कठिनतम

	9				6			
	1					2		
5			7				3	
			4					6
		3				9		
4					8			
	7				9			8
		2					1	
			3				4	

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6212 का हल

6	5	8	9	1	4	2	7	3
1	2	7	3	5	8	6	4	9
3	4	9	7	2	6	1	5	8
2	3	6	1	4	5	9	8	7
8	9	5	2	7	3	4	1	6
4	7	1	6	8	9	3	2	5
7	6	4	5	3	1	8	9	2
9	8	2	4	6	7	5	3	1
5	1	3	8	9	2	7	6	4

सिंगल चार्ज में 1,520 किमी रेंज, खास ब्रेकिंग सिस्टम वाली पहली ईवी

खबर संक्षेप

बायोकॉन को दो जैविक दवाओं के लिए नोटिस

नई दिल्ली। बायोकॉन लिमिटेड को कनाडा की स्वास्थ्य नियामक संस्था हेल्थ कनाडा से अपनी जैविक दवाओं बोसाया और वेवजुओ के लिए अनुपालन नोटिस मिला है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ये दवाएं ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की कमजोरी) और कैंसर से जुड़ी हड्डी संबंधी जटिलताओं के इलाज में उपयोग होती हैं। कंपनी के अनुसार, हेल्थ कनाडा ने तीन अप्रैल 2026 को बोसाया (डेनोसुमैब) और वेवजुओ (डेनोसुमैब) के लिए नोटिस दिया, जो क्रमशः प्रोलेया और एक्सजीवा की जैविक दवाएं (बायोसिमिल) हैं।

अदाणी पावर की परमाणु ऊर्जा के लिए इकाई गठित

नई दिल्ली। अदाणी पावर ने परमाणु स्रोतों से प्राप्त बिजली के उत्पादन, पारेषण और वितरण के लिए एक इकाई का गठन किया है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करना है। इस क्षेत्र में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कई विधायी बदलाव किए गए हैं। अदाणी पावर ने शेयर बाजार को सोमवार को दी सूचना में बताया कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अदाणी एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड (एएईएल) ने 20 अप्रैल 2026 को रावतभाटा-राज एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड (आरआरएईएल) नामक एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी का गठन किया है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीनी ऑटोमोबाइल कंपनी चेरी ने अपने प्रीमियम सब-ब्रांड एक्सीड की नई एसयूवी एक्सीड ईएक्स 7 पेश की है। यह कार खास तौर पर इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में नई टेक्नोलॉजी और लंबी रेंज के साथ लांच की गई है। इस एसयूवी की सबसे बड़ी खासियत इसकी बेहद लंबी ड्राइविंग रेंज है। कंपनी का दावा है कि यह गाड़ी एक बार चार्ज करने पर 1520 किलोमीटर तक चल सकती है। इसमें दो तरह के पावरट्रेन ऑप्शन मिलते हैं, पहला पूरी तरह इलेक्ट्रिक और दूसरा एक्सटेंडेड रेंज इलेक्ट्रिक (ईआरईवी) है। ईआरईवी वर्जन में बैटरी के साथ एक छोटा इंजन भी होता है जो जरूरत पड़ने पर बैटरी को चार्ज करता रहता है, जिससे गाड़ी लंबी दूरी तय कर पाती है और ड्राइवर को बार-बार चार्जिंग की चिंता नहीं रहती।

यह बैटरी तकनीक मौजूदा लिथियम-आयन बैटरियों से ज्यादा सुरक्षित, ज्यादा एनर्जी स्टोर करने वाली और लंबी लाइफ वाली मानी जाती है। अगर यह तकनीक बड़े स्तर पर लागू होती है, तो ईवी की दुनिया में बड़ा बदलाव आ सकता है। कुल मिलाकर, इक्सीड ईएक्स7 एक ऐसी एसयूवी है जो लंबी रेंज, नई ब्रेकिंग टेक्नोलॉजी, और प्रीमियम फीचर्स के साथ भविष्य की इलेक्ट्रिक गाड़ियों की झलक दिखाती है।

चीनी कंपनी चेरी ने प्रीमियम सब-ब्रांड इक्सीड ईएक्स7 पेश की

कार में मिलते हैं ये खास फीचर्स

इस कार में एक और खास तकनीक दी गई है, जिसे इलेक्ट्रो-मैकेनिकल ब्रेकिंग सिस्टम (ईएमबी) कहा जाता है। नॉर्मल ब्रेकिंग सिस्टम में हाइड्रोलिक मैकेनिज्म होता है, लेकिन ईएमबी पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल पर काम करता है। इसका फायदा यह है कि ब्रेक ज्यादा तेजी से काम करते हैं, जिससे सेफ्टी बढ़ती है और गाड़ी की परफॉर्मेंस भी बेहतर होती है। यह तकनीक अभी बहुत नई है और धीरे-धीरे भविष्य की गाड़ियों में ज्यादा देखने को मिल सकती है।

डिजाइन और इंटीरियर

डिजाइन और इंटीरियर की बात करें तो ईएक्स7 को प्रीमियम एसयूवी के रूप में तैयार किया गया है। इसमें लग्जरी इंटीरियर, बड़ा और आधुनिक इंफोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल डिस्प्ले, और आरामदायक सीटिंग दी गई है। इसके अलावा इसमें कई एडवांस फीचर्स और ड्राइवर असिस्टेंस टेक्नोलॉजी भी मिलती हैं, जो ड्राइविंग को ज्यादा सुरक्षित और सुविधाजनक बनाती हैं। कंपनी भविष्य में इस एसयूवी में और भी एडवांस सेमी-सॉलिड-स्टेट बैटरी देने की योजना बना रही है।

संयुक्त राष्ट्र के ईएससीएपी ने जारी की रिपोर्ट

भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान: संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी ▶▶| संयुक्त राष्ट्र

भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया व प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ीं जबकि 2024 में वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत थी। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2026' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की वृद्धि दर 2025 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई। इस मजबूत खपत, विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और अमेरिका के शुल्क लागू होने से पहले निर्यात में तेजी ने समर्थन दिया।

- दक्षिण-पश्चिम की अर्थव्यवस्था 2025 में 5 .4 फीसदी की दर से बढ़ी

खास बातें

- एशिया की अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 में वृद्धि दर 5 .2 प्रतिशत रही
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग और जीएसटी दरों में कटौती से समर्थन मिला

अमेरिका को निर्यात में 25 फीसदी की गिरावट

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं क्योंकि अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 प्रतिशत की गिरावट आई। सेवा क्षेत्र प्रमुख वृद्धि चालक बना रहा। इसमें अनुमान लगाया गया है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि करेगा।

मुद्रास्फीति 4.4 प्रतिशत रहने के आसार

देश में मुद्रास्फीति के इस वर्ष 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.3 प्रतिशत रहने के आसार हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि व्यापार तनाव एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह घटा है। 2024 में 0.6 प्रतिशत वृद्धि के बाद 2025 में इस क्षेत्र में एफडीआई दो प्रतिशत घटा जबकि वैश्विक प्रवाह में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सबसे अधिक आकर्षित

इसमें कहा गया, '' एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को सबसे अधिक आकर्षित किया... वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं... जहां क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर के निवेश की घोषणाएं हुईं।''

व्यक्तिगत धन प्रेषण बढ़ा

रिपोर्ट में कहा गया कि अपने देश से बाहर कार्यरत एशिया और प्रशांत के श्रमिकों द्वारा भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है जिससे घरेलू रोजगार की कमजोर परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में मदद मिली।

प्रतिवर्ष आठ लाख नौकरियां सृजित हुईं

इसमें अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (आईआरईएनए) के अनुमान का भी उल्लेख किया गया जिसके अनुसार वैश्विक स्तर पर लगभग 1.66 करोड़ हरित नौकरियां थीं और 2012 से 2024 के बीच प्रतिवर्ष लगभग आठ लाख नई नौकरियां सृजित हुईं जो सात प्रतिशत वार्षिक वृद्धि को दर्शाती हैं। इन 1.66 करोड़ नौकरियों में से 73 लाख चीन में, 13 लाख भारत में और 25 लाख एशिया के अन्य हिस्सों में सृजित हुईं जो वैश्विक कुल का क्रमशः 44 प्रतिशत, 8 प्रतिशत और 15 प्रतिशत हैं।

एआई से तैयार सामग्री पर लगातार दिखाना होगा पहचान चिन्ह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार सामग्री के लिए सख्त खुलासा मानदंड प्रस्तावित करते हुए ऐसी सामग्रियों पर अनिवार्य, लगातार और स्पष्ट रूप से दिखने वाला पहचान चिन्ह लगाने का मंगलवार को सुझाव दिया।

- सख्त खुलासा मानदंड प्रस्तावित करते हुए सरकार ने रखा प्रस्ताव

मंत्रालय की तरफ से जारी मसौदा संशोधनों के तहत, अब 'प्रमुख रूप से दिखाई देने' की जगह पूरे वीडियो या विजुअल कंटेंट की अवधि के दौरान निर्धारित पहवान चिन्ह को लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना होगा। इन संशोधनों में स्वतंत्र रूप से समाचार सामग्री तैयार करने वाले निर्माताओं को भी नियामकीय दायरे में लाने और उनके लिए सरकारी परामर्शों का पालन अनिवार्य करने का प्रावधान किया गया है। मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों में संशोधन के मसौदे में इन बदलावों को प्रस्तावित किया है। मंत्रालय ने हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां आमंत्रित करने की समय-सीमा को भी बढ़ाकर सात मई कर दिया है, जो पहले 29 अप्रैल निर्धारित था। मंत्रालय ने मसौदा दस्तावेज जारी करते हुए कहा, नियम 3(3)(ए)(आईआई) में संशोधन कर 'विजुअल प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दिखाई देने' वाले शब्दों की जगह यह सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है कि ऐसे पहचान चिन्ह उस सामग्री की पूरी अवधि के दौरान लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हों।

पहचान को अधिक पारदर्शी बनाना

मंत्रालय ने कहा कि इन अतिरिक्त संशोधनों को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया गया है ताकि हितधारक पहले से जारी मसौदे के साथ इन नए प्रस्तावों पर भी अपने सुझाव दे सकें। प्रस्तावित बदलावों का उद्देश्य एआई-जनित या कृत्रिम रूप से तैयार सामग्री की पहचान को अधिक पारदर्शी बनाना और उपयोगकर्ताओं को भ्रामक कंटेंट से बचाना है।

नेस्ले का मुनाफा 27 फीसदी बढ़कर 1,110 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चॉकलेट, कॉफी, मैगी जैसे दैनिक उपयोग की चीजें बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 27.18 प्रतिशत बढ़कर 1,110.9 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 873.46 करोड़ रुपये था। नेस्ले इंडिया ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जनवरी-मार्च तिमाही में उत्पादों की बिक्री से नेस्ले इंडिया का राजस्व 6,723.75 करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर 23.42 प्रतिशत अधिक है। चौथी तिमाही में परिचालन आय 6,747.79 करोड़ रुपये रही जबकि एक वर्ष पहले इसी तिमाही में यह 5,503.88 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कुल खर्च सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 5,217.48 करोड़ रुपये हो गया। कुल आय (जिसमें अन्य आय भी शामिल है) 22.73 प्रतिशत बढ़कर 6,766.24 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में घरेलू बिक्री 23.11 प्रतिशत बढ़कर 6,445.07 करोड़ रुपये रही। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा, ''नेस्ले इंडिया ने दहाई अंकों की मजबूत वृद्धि दर्ज की और 6,445 करोड़ रुपये की अपनी अब तक की सबसे अधिक घरेलू बिक्री हासिल की...।

- कंपनी कॉफी, चॉकलेट, मैगी जैसे दैनिक उपयोग की चीजें बनाती है

कच्चे जूट की भंडारण सीमा घटाकर शून्य

नई दिल्ली। सरकार ने कच्चे जूट की जमाखोरी रोकने और मिलों को पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यापारियों और बैलरों (गांठ बनाने वालों) के लिए भंडारण सीमा घटाकर शून्य कर दी। कपड़ा मंत्रालय ने बयान में कहा कि पिछले कुछ महीनों में कच्चे जूट की कीमतों में तेज बढ़ोतरी और इनके 2025-26 के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से ऊपर बने रहने को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। कीमतों में उतार-चढ़ाव और उपलब्धता को लेकर विभिन्न पक्षों ने चिंता जताई थी। संशोधित नियमों के मुताबिक, जूट आयुक्त के साथ पंजीकृत और परिसर में बैलिंग प्रेस रखने वाले बैलरों को अपने पास मौजूद पूरा कच्चा जूट पांच मई, 2026 तक बेचना होगा।

बिजनेस साइट

एलन रायपुर के 36 स्टूडेंट्स को 99 से अधिक पर्सेन्टाइल स्कोर

टॉपर भी एलन से

रायपुर। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जारी जेईई-मेन 2026 की ऑल इंडिया रैंक व सेशन-2 के रिजल्ट्स में एलन रायपुर स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन एकेडमी हेड कुणाल सिंह बताया कि एलन रायपुर क्लासरूम स्टूडेंट्स ने बेहतर परिणाम दिए हैं। परिणामों में 36 स्टूडेंट्स ने 99 पर्सेन्टाइल से अधिक स्कोर किया है। इसमें प्रमुख रूप से अथर्व ठाकुर ने 99.97 पर्सेन्टाइल के साथ एआईआर-445, सार्थक मोहरिल ने 99.92 पर्सेन्टाइल के साथ एआईआर-1325, अथर्व शर्मा ने 99.88 पर्सेन्टाइल के साथ एआईआर-1972, राहुल शर्मा ने 99.88 पर्सेन्टाइल के साथ एआईआर-1998, दिव्यांश यादव ने 99.85 पर्सेन्टाइल के साथ एआईआर-2427, रोहित सिंह परिहार ने 99.79 पर्सेन्टाइल के साथ एआईआर-3442, सन्वी मित्तल ने 99.77 पर्सेन्टाइल के साथ एआईआर-3652, हर्षित देवांगन ने 99.69 पर्सेन्टाइल के साथ एआईआर-4921 तथा चिन्मय धकाते ने 99.69 पर्सेन्टाइल के साथ एआईआर- 4960 प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त, अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 174 विद्यार्थियों ने जेईई-एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। यह परिणाम एलन रायपुर के उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि नेशनल रिजल्ट्स में एलन क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है। इसके साथ ही टॉप-10 में 4 स्थानों पर एलन क्लासरूम स्टूडेंट रहे हैं।

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

दक्षिका हेल्थ केयर & डायबिटिक सेंटर
(डायबिटिक, थायरॉइड, ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, वैक्सीनेशन, हार्ट केयर)
ADULT VACCINATION CENTER
जहाँ Diabetes, Thyroid, Hypertension (Blood Pressure) का मिलता है Expert Care"
▪Better Experience ▪Fully Dedication ▪Accurate
डॉ. दीपक जायसवाल MBBS, MD (General Medicine) PGDIC, CCEBDM (Diabetes), FICP Senior Consultant Physician & Diabetologist
डॉ. नेहा रानी गुप्ता BDS, MDSDental Specialist (दंत सुविधा उपलब्ध)
पता : शॉप नं. 14 एवं 15, ग्राउंड फ्लोर, EDGE COMPLEX मोवा रायपुर :9202222391, 8871865551, 7723068129

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
पंजाब	6	5	1	11
बेंगलुरु	6	4	2	8
हैदराबाद	7	4	3	8
राजस्थान	6	4	2	8
दिल्ली	6	3	3	6
गुजरात	6	3	3	6
मुंबई	6	2	4	4
चेन्नई	6	2	4	4
लखनऊ	6	2	4	4
कोलकाता	7	1	5	3

ऑरेंज कैप

अभिषेक शर्मा
323 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

तिलक को समझाने में आ गया था चक्कर : हार्दिक

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

आईपीएल 2026 में सोमवार को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) बीच खेले गए मुकाबले में फैंस को तिलक वर्मा का विस्फोटक और यादगार शतक देखने को मिला। तिलक ने अपने शतक के मुंबई को जीटी पर 99 रनों से जीत दिलाई और पिछले 4 मैचों में मिले हार के क्रम को तोड़ा। तिलक वर्मा मैच के दौरान एक समय बेहद धीमी बल्लेबाजी कर रहे थे। वह एक समय 22 गेंदों पर सिर्फ 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इस समय ऐसा लग रहा था कि एमआई एक और हार की तरफ बढ़ रही है। तिलक वर्मा के साथ क्रीज पर कप्तान हार्दिक पांड्या मौजूद थे। हार्दिक ने तिलक को समझाया कि उन्हें कैसे खेलना है और वह क्या कर सकते हैं। इस दौरान हार्दिक तिलक पर गुस्से में नजर आए थे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हार्दिक ने मैच के बाद खुलासा किया कि उन्होंने तिलक से क्या कहा था। हार्दिक ने कहा, मैंने उससे कहा कि तुम बस गेंद को देखो और हिट करो, चाहे कुछ भी हो। मुझे सच में लगता है कि उसके बल्ले से जिस तरह से गेंद निकलती है वह सच में कुछ खास है। समय आ गया था कि वह कुछ करे। हां, मुझे लगता है कि कुछ बार मैं इतनी जोर से चिल्लाया कि मुझे चक्कर आ गया। ग्रुप के लिए इसकी बहुत जरूरत थी।

मुंबई इंडियंस को जीत की थी बहुत जरूरत

तिलक के लिए इसकी बहुत जरूरत थी। मुंबई इंडियंस के लिए इसकी बहुत जरूरत थी। एक कप्तान के तौर पर भी, उस तरह की एनर्जी चीजों को बदल देती है। हार्दिक के समझाने के बाद तिलक वर्मा ने ऐसी बल्लेबाजी की जो कभी-कभार ही देखने को मिलती है। ऐसा लग रहा था कि तिलक ने कप्तान की बात को अपनी अहम पर ले लिया और फिर उसके बाद सिर्फ छक्के और चौकों में बात करने लगे। 22 पर 19 वाले तिलक 45 गेंदों पर 101 पर पहुंच गए। इस दौरान बाएं हाथ के इस युवा बल्लेबाज ने 7 छक्के और 8 चौके मारे। यह तिलक का पहला आईपीएल शतक था जो लंबे समय तक याद रहेगा।

वर्मा ने कहा- कप्तान बढ़ा रहे थे मेरा आत्मविश्वास

अहमदाबाद। मुंबई इंडियंस की पारी के दौरान जब तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या एक साथ बल्लेबाजी कर रहे थे, तो हार्दिक ने तिलक को ऊंची आवाज में बेहतर बल्लेबाजी के लिए प्रेरित किया था। मैच के बाद तिलक ने बताया कि आखिर कप्तान हार्दिक ने उनसे क्या कहा था। तिलक ने कहा, सब जानते हैं कि हार्दिक भाई बहुत एनर्जेटिक हैं। वह मेरा आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तुम कर सकते हो, तुम करोगे। मैंने उनसे बस शांत रहने के लिए कहा क्योंकि मुझे ध्यान केंद्रित करने की जरूरत थी। मैंने उन्हें भरोसा दिलाया कि मैं बाकी सब संभाल लूंगा।तिलक ने कहा, यह टीम और मेरे लिए बहुत जरूरी था। पिछले चार या पांच मैच में, एक बात लगातार मेरे दिमाग में चल रही थी कि मैंने क्रीज पर ज्यादा समय नहीं बिताया था और ज्यादा गेंदों का सामना नहीं किया था, इसलिए मेरा मकसद विकेट पर कुछ समय बिताना और फिर टीम की स्थिति के हिसाब से खुद को ढालना था। मैं शुक्रगुजार हूं कि यह इस तरह से काम कर गया। हालांकि, हमें बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहिए और एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए। हर गेम हमारे लिए लगभग नॉकआउट जैसा है। हम जानते हैं कि हम क्या कर सकते हैं।

मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना पसंद

अहमदाबाद की पिच और अपनी पसंदीदा बल्लेबाजी क्रम पर तिलक ने कहा, जब भी एमआई अहमदाबाद आती है, तो वे आमतौर पर हमें काली मिट्टी वाली विकेट देते हैं, जो थोड़ी धीमी होती है। ऐसा नहीं है कि हमारे बल्लेबाज नहीं खेल सकते। हम जानते हैं कि अगर ज्यादा बाउंस हो तो हम क्या कर सकते हैं। यह धीमी और नीची थी, इसलिए हमें संतुलन बनाना पड़ा और सीधे हिट करने की कोशिश करनी पड़ी। ज्यादा बाउंस नहीं था। मैंने कंडीशन को अच्छी तरह से समझा और सीधे हिट करने का फैसला किया। शुक्र है, मैं कुछ रन बना पाया। मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है।

खबर संक्षेप

कांगो गोल्फ टूर्नामेंट: संयुक्त बढ़त पर तुषार और मन्नत

लुबुम्बाशी। युवा गोल्फर तुषार पन्नू और मन्नत बरार ने एएम ग्रीन आईजीपीएल आमंत्रण कांगो गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन छह अंडर 67 का समान स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। पिछले साल पेशेवर बनने वाले 21 वर्षीय पन्नू ने पांच बर्डी, एक ईगल और एक बोगी की जबकि हाल ही में महिला गोल्फ एसोसिएशन की पेशेवर बनी 19 वर्षीय बरार ने पहले दौर में एक भी बोगी नहीं की। इन दोनों के बाद सुखमन सिंह का नंबर आता है, जिन्होंने पांच अंडर 68 का स्कोर बनाया। वह अकेले तीसरे स्थान पर हैं जबकि अमन राज ने हरेंद्र गुप्ता संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इन दोनों ने चार अंडर 69 का स्कोर बनाया। उदयन माने, मानव शाह और सैयद साकिब अहमद ने तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त छठे स्थान पर हैं।

19 सितंबर से सोनी पर स्ट्रीम होंगे एशियाई खेल

नई दिल्ली। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया ने 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियाई खेलों के प्रसारण के विशेष अधिकार हासिल किए हैं। प्रसारण अधिकार हासिल करने के संबंध में किए गए समझौते के अनुसार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर किया जाएगा। इसे पूरे भारत और उपमहाद्वीप में सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा। भारत ने पिछले एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 पदक हासिल किए थे और वह इस बार इससे बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा।

बोस्टन मैराथन में दौड़ी चेल्सी और सुनीता

बोस्टन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पुत्री चेल्सी क्लिंटन और भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने बोस्टन मैराथन पूरी की। क्लिंटन फाउंडेशन की उपाध्यक्ष 46 वर्षीय चेल्सी ने 26.2 मील (42.195 किलोमीटर) की दौड़ 3 घंटे, 40 मिनट और 52 सेकंड में पूरी की। चेल्सी के पिता बिल क्लिंटन और मां पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने फिनिश लाइन पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर 2014 के चैंपियन मेब केफ्लेजघी भी उपस्थित थे।

सनराइजर्स हैदराबाद ने लगाई जीत की हैट्रिक, दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराया

अभिषेक की सुनामी, बाउंड्री से 'शतक' पूरा

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (नाबाद 135) की आक्रामक शतकीय पारी के बाद तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा (32 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल टी20 मैच में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। 'प्लेयर ऑफ द मैच ' अभिषेक ने दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 68 गेंदों की नाबाद पारी में 10 छक्के और इतने ही चौके लगाए। उनकी इस पारी की बदौलत सनराइजर्स ने 2 विकेट पर 242 रन बनाने के बाद कैपिटल्स को 9 विकेट पर 195 रन पर रोक दिया। इस जीत से टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम के नाम 7 मैचों में अब 4 जीत है। कैपिटल्स की टीम 6 मैचों में तीसरी हार के बाद पांचवें स्थान पर है।



कैपिटल्स ने गंवाई लय

कैपिटल्स के लिए नीतिश राणा ने 30 गेंदों में सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। उन्होंने लोकेश राहुल (23 गेंद में 37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंदों में 86 रन की साझेदारी की, लेकिन इस साझेदारी के टूटने के साथ ही टीम ने लय गंवा दी। टीम का स्कोर 1 विकेट पर 107 रन से 4 विकेट पर 107 रन हो गया। मलिंगा ने आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्हें दिलशान मधुशंका (36 रन पर एक विकेट) और शाकिब हुसैन (29 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला, जबकि हर्ष दुबे ने आखिरी ओवर में तीन विकेट चटकाए।

ऑरेंज आर्मी के सामने खेलना हमेशा खास : अभिषेक

अभिषेक ने कहा, मेरा मतलब है, बेशक ऑरेंज आर्मी के सामने खेलना हमेशा खास होता है। जिस तरह से उन्होंने आखिरी ओवरों में गेंदबाजी की, मुझे लगा कि वे अपनी योजनाओं को ठीक से लागू कर रहे थे। मुझे लगता है कि मैंने आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी का ज्यादा अभ्यास नहीं किया है, लेकिन जिस तरह से (हेनरिक) क्लासेन ने खेला, उससे हमें उस स्कोर तक पहुंचने में मदद मिली।

भारी पड़ी राहुल की गलती

यह वाकिया था पारी के 9वें ओवर का जब अभिषेक 49 रन पर खेल रहे थे। उन्होंने डबल रन भागने की कोशिश की और पहला रन पूरा करने के बाद दूसरे के लिए पलटे। वहीं गेंद केएल राहुल के हाथों में नहीं आ पाई और उन्होंने रनआउट का मौका गंवा दिया। अभिषेक उस वक्त काफी दूर थे। अगर वहां 50 रन पर अभिषेक आउट हो जाते तो शायद दिल्ली की टीम हैदराबाद को 200 रन तक रोक सकती थी।

स्कोर बोर्ड

सनराइजर्स हैदराबाद पारी	रन	गेंद	4	6
अभिषेक शर्मा नाबाद	135	68	10	10
हेड का रिजवी बो अक्षर	37	26	2	2
इशान रन आउट	25	13	2	1
क्लासेन नाबाद	37	13	3	3

अतिरिक्त : 08, कुल योग: 20 ओवर में 242/2 रन
गेंदबाजी: मुकेश 4-0-53-0, राणा 4-0-55-0, एनगिडी 4-0-41-0, अक्षर 2-0-23-1, कुलदीप 2-0-30-0, नटराजन 4-0-40-0

दिल्ली कैपिटल्स पारी	रन	गेंद	4	6
निसंका का बो मधुशंका	08	6	0	1
राहुल का अभिषेक बो शाकिब	37	23	1	3
राणा का अभिषेक बो मलिंगा	57	30	7	3
रिजवी का मधुशंका बो हर्ष	41	28	2	2
डेविड मिलर बो मलिंगा	00	01	0	0
स्टब्स का शाकिब बो मलिंगा	27	16	3	1
आशुतोष का अनिकेत बो मलिंगा	14	10	2	0
अक्षर पटेल का रेड्डी बो हर्ष	02	3	0	0
कुलदीप नाबाद	01	2	0	0
एनगिडी का मधुशंका बो दुबे	00	1	0	0

अतिरिक्त: 08, कुल योग : 20 ओवर में 195/9 रन
गेंदबाजी: मधुशंका 4-0-36-1, रेड्डी 4-0-57-0, मलिंगा 4-0-32-4, शाकिब 4-0-29-1, शिवांग 2-0-28-0, हर्ष 2-0-12-3

अभिषेक के 7 बड़े रिकॉर्ड

1- टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक वाले भारतीय
अभिषेक शर्मा: 9 शतक (184 पारी)*
विराट कोहली: 9 शतक (403 पारी)
रोहित शर्मा: 8 शतक (454 पारी)
इशान किशन: 7 शतक (227 पारी)
केएल राहुल: 7 शतक (232 पारी)
संजू सैमसन: 7 शतक (319 पारी)

2- टी20 में 9 शतक सबसे तेज लगाने वाले खिलाड़ी
क्रिस गेल: 124 पारी
साहिबजादा फरहान: 160 पारी
अभिषेक शर्मा: 184 पारी*

3- अभिषेक ने पार किया 350 टी20 छक्कों का आंकड़ा
अभिषेक शर्मा ने इस पारी में 9वां छक्का लगाते ही अपने 350 टी20 क्रिकेट के छक्के भी पूरे किए। उन्होंने इस पारी में कुल 10 छक्के लगाए और अब उनके नाम 351 छक्के टी20 क्रिकेट में दर्ज हो गए हैं।

4- आईपीएल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी
175 नाबाद: क्रिस गेल, आरसीबी बनाम पीडब्ल्यूआई, 2013
158 नाबाद: ब्रेंडन मैकुल्लम, केकेआर बनाम आरसीबी 2008
141 रन: अभिषेक शर्मा, एसआरएच बनाम पीके 2025
140 नाबाद: क्विंटन डी कॉक, एलएसजी बनाम केकेआर 2022
135 नाबाद: अभिषेक शर्मा, एसआरएच बनाम डीसी 2026*

5- आईपीएल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय
141 रन: अभिषेक शर्मा बनाम पीबीकेएस (2025)
135 नाबाद: अभिषेक शर्मा बनाम डीसी (2026)*
132 रन: केएल राहुल बनाम आरसीबी (2020)
129 रन: शुभमन गिल बनाम एमआई (2023)
128 रन: ऋषभ पंत बनाम एसआरएच (2018)

6- टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 130+ रनों की पारी
4 : अभिषेक शर्मा*
3 : एरोन फिंच
3 : क्रिस गेल

7- एक टी20 पारी में सबसे ज्यादा बार 10 या 10+ छक्के
18 : क्रिस गेल
5 : अभिषेक शर्मा*
4 : एविन लुईस
4 : श्रेयस अय्यर

आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

शेफाली ने मारी छलांग स्मृति को नुकसान

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अर्धशतक की बदौलत आईसीसी की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं। शेफाली ने रविवार को डरबन में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 38 गेंद पर 57 रन बनाए थे। भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना अब तक खेले गए दोनों मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। तीसरे स्थान पर अब वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज हैं। हरमनप्रीत कौर दो स्थान ऊपर चढ़कर अब शीर्ष 10 में शामिल होने के करीब हैं। वह फिलहाल 11वें स्थान पर हैं।

जेमिमा को चार स्थान का नुकसान

जेमिमा रोड्रिग्स को चार स्थान का नुकसान हुआ है। खराब फॉर्म के चलते वह अब बल्लेबाजों की सूची में 14वें स्थान पर खिसक गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने बल्लेबाजों की सूची में अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की एनेरी डर्कसेन (18 स्थान के फायदे से 33वें स्थान पर) और सुने लुस (आठ स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है।

दीप्ति, रेणुका और अरुंधति नीचे खिसकी

भारत की प्रमुख गेंदबाज दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी गेंदबाजों की रैंकिंग में नीचे खिसक गई हैं। दीप्ति दो स्थान नीचे पांचवें जबकि रेणुका चार स्थान नीचे नौवें स्थान पर हैं। अरुंधति भी तीन स्थान के नुकसान से 12वें स्थान पर खिसक गई हैं और शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची से बाहर हो गई हैं।

रियाल मैड्रिड फिर बना यूरोपीय चैंपियन

एजेंसी ▶▶| लॉज़ेन

रियाल मैड्रिड ने पेनल्टी शूटआउट में क्लब ब्रुग को हराकर यूईएफए यूथ लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतकर एक बार फिर यूरोपीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

इस टूर्नामेंट में अंडर19 टीम भाग लेती है, जिसे जूनियर वर्ग की चैंपियंस लीग भी कहा जाता है। रियाल मैड्रिड के लिए यह खिताब राहत की बात है क्योंकि उसकी सीनियर टीम चैंपियंस लीग से बाहर हो गई है। स्विट्जरलैंड में खेला गया फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रियाल मैड्रिड के गोलकीपर जेवियर नवारो ने पेनल्टी शूटआउट में अपनी टीम को 4-2 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रुग के नईम अमेनगई और टियान कोरेन के शॉट को बचाया। यू ई ए फ ए यूथ लीग के 12 साल के इतिहास में स्पेनिश टीम ने यह दूसरा खिताब उसकी सीनियर टीम के चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के पांच दिन बाद जीता।

लॉरियस पुरस्कार: अल्काराज-सबालेंका चुने गए 'प्लेयर ऑफ द ईयर'

मैड्रिड। टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरीना सबालेंका ने लॉरियस पुरस्कारों में क्रमशः वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया, जबकि फ्रांस के फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया। अल्काराज ने पिछले साल फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के अलावा इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी जीता था। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका ने पिछले साल लगातार दूसरी बार यूएस ओपन जीता था। पीएसजी 2025 में पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियंस लीग का खिताब जीतने में सफल रहा था।

सीएसके को करारा झटका म्हात्रे पूरे सीजन से बाहर

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है। म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें 6 से 12 सप्ताह तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरना पड़ेगा। सीएसके ने कहा, 'आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।'

बैंक ऑफ इंडिया BOI
Bank of India
आस्ति वसूली शाखा :- रायपुर आंचलिक कार्यालय, स्टार हाउस, नया रायपुर

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

जबकि
अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत, ए.आर.बी. शाखा अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋ णी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।
उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (18) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया, ए.आर.बी. शाखा के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

उधारकर्ता/जमानतदार	संपति का विवरण	मांग पत्र दिनांक	देय राशि
उधारकर्ता:- मेसर्स सतनाम मिनरल्स, भागीदार: 1. श्री दलजीत सिंह जुनेजा 2. श्रीमती सतनाम कौर जुनेजा एवं जमानतदार: 1. श्री अपूर्व नंदी 2. श्री रवि नंदी	1. साम्यिक बंधक युक्त व्यावसायिक इकाई, दुकान संख्या- F-36, प्रथम तल, श्याम प्लाजा कॉन्डोमिनियम, नए बस स्टैंड के सामने, नजूल ब्लॉक संख्या-6 के भाग के ऊपर, प्लॉट संख्या- 4/4, वार्ड संख्या- 24, पंडरी, रायपुर, श्रीमती सतनाम कौर जुनेजा के नाम पर, क्षेत्रफल 361 वर्ग फुट। चौहद्दीः-उत्तर में कार्यालय संख्या- F-35, दक्षिण में कार्यालय संख्या- F-37, पूर्व में पिछली दीवार, पश्चिम में साझा मार्ग। 2. साम्यिक बंधक युक्त परिवर्तित संपत्ति, प.ह.नं.- 113, खसरा संख्या- 203/6 का भाग (नया परिवर्तित खसरा संख्या- 203/18), मौजा- पुरेना, रानी दुर्गावती वार्ड संख्या- 50 (पुराना वार्ड संख्या- 45), तहसील एवं जिला-रायपुर श्री अपूर्व नंदी एवं रवि नंदी के नाम पर क्षेत्रफल 2000 वर्ग फुट का भूखंड है। चौहद्दीः-उत्तर में कच्चा रोड, पूर्व में श्री डे का भूखंड, दक्षिण में अन्य का भूखंड एवं पश्चिम में डब्ल्यूबीएम रोड।	दिनांक 20.05.2025 / कब्जा दिनांक 17.04.2026	₹1,04,53,872.45/- (एक करोड़ चार लाख तिरपन हजार आठ सौ बहत्तर और पैंतालीस पैसे मात्र) + ब्याज + अन्य व्यय

दिनांक : 22.04.2026, स्थान : रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

ई-नीलामी विक्रय सूचना
निलामी की तिथि एवं समय :- 13-मई-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
HDFC BANK
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्द्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

स. क्र.	(A) ऋणी(यों) का नाम	(B) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)*	(C) अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है)	(D) कब्जे का प्रकार	(E) आरक्षित मूल्य (रु.)	(F) ब्याना जमा राशि (रु.) / (G) बोली वृद्धि राशि (रु.)
1.	श्री साहू खिलेश्वर 173, स्टेशन मरोदा, उत्तम टेलर्स, बीआरपी कॉलोनी, भिलाई नगर, सिविक सेंटर, भिलाई-दुर्ग 490006. श्रीमती साहू दीपिका 173, स्टेशन मरोदा, उत्तम टेलर्स, बीआरपी कॉलोनी, भिलाई नगर, सिविक सेंटर, भिलाई-दुर्ग 490006.	₹ 5,75,548/- 31 मई 2023* की स्थिति में	फ्लैट-एलआईजी-309, ग्रुप-5, फ्लोर-3, दीनदयाल आवास, योजना कौरिनभाटा, क्र.सं., ख. क्रमांक 328; ग्राम-कौरिनभाटा, तहसील-राजनांदगांव छ.ग., कुल बुआ क्षेत्रफल=487 वर्गफीट। (45.26 वर्गमीटर) लेटिट्यूड-21.088282, लांगिट्यूड-81.009706.	भौतिक	₹3,50,000/-	₹35,000/- / ₹ 5,000/-
2.	श्री बरिहा भंवर सिंह एचआईजी-209, ब्लॉक-डी, कंचन आशाव, डीडीयू नगर, रायपुर-छत्तीसगढ़ 494001. श्रीमती बरिहा नमिता एचआईजी-209, ब्लॉक-डी, कंचन आशाव, डीडीयू नगर, रायपुर-छत्तीसगढ़ 494001.	₹ 30,31,157/- 31 अगस्त 23* की स्थिति में	फ्लैट-ए-505/5005, मंजिल-5, हर्षित लैंडमार्क, ब्लॉक 7 (ए), स.क्र., खसरा नं. 563/1, 565, 567, 570, 571, 572, 581/21, 592, 593, 594, 595, 596/3, 596/4, मकान नं. 103/34; ग्राम-हीरापुर, रायपुर छत्तीसगढ़, कुल फ्लैट कारपेट एरिया = 58.91 वर्ग मीटर (634 वर्ग फुट), बिल्टअप एरिया-66.91 वर्ग मीटर (720 वर्ग फुट), सुपर बिल्टअप एरिया-965 वर्ग फुट, लेटिट्यूड-21.267855, लांगिट्यूड-81.581129.	भौतिक	₹22,46,000/-	₹2,24,600/- / ₹ 5,000/-
3.	श्रीमती दुबे शिल्पा 129/बी, दीनदयाल आवास, गातापार, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493661. श्रीमती दुबे शिल्पा मै. बलौदा बाजार इमेजिंग एवं डायग्नोस्टिक सेंटर, शनि मंदिर के पास, गौरव पथ, दशहरा मैदान, बलौदा बाजार छत्तीसगढ़ 493332. श्री दुबे संकेत 129/बी, दीनदयाल आवास, गातापार, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493661. श्री दुबे संकेत मै. संकेत दुबे, 129/बी, दीनदयाल आवास, गातापार, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493661.	₹ 6,87,445/- 30 जून 25* की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग का मकान इकाई संख्या-106, अटल आवास योजना, स.क्र., खसरा नंबर, 523/2 भाग, प.ह.नंबर-27, ग्राम- बेलभाटा, रानिमं एवं तहसील-अभनपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, कुल क्षेत्रफल- 559.92 वर्ग फुट, निर्मित क्षेत्रफल- 280 वर्ग फुट, लेटिट्यूड- 21.045865, लांगिट्यूड-81.765789.	भौतिक	₹4,15,000/-	₹41,500/- / ₹ 5,000/-

सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 29-अप्रैल -2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे
बोली की अंतिम तिथि :-11-मई -2026, शाम 5.00 बजे के पहले
* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
ऋणभार/दावों का खुलासा: एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के संबंध में कोई भार नहीं है।
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई-नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई-मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.
सावधानी नोट: बड़े पैमाने पर ई-बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
दिनांक: 22 अप्रैल, 2026
स्थान: रायपुर,राजनांदगांव
रजिस्टर्ड पता-एच.डी.एफ.सी. बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

भारत की चमत्कारी चोटी, जहां से निकलती हैं साढ़े 7 नदियां

इंदौर। मध्य प्रदेश का इंदौर सिर्फ स्वादिष्ट खान-पान और जीवंत माहौल के लिए ही नहीं, बल्कि आसपास मौजूद प्राकृतिक और धार्मिक स्थलों के लिए भी जाना जाता है। इन्हीं में से एक खास जगह है जानापाव पहाड़ी, जिसे प्रकृति, आस्था और रहस्यों का अनोखा संगम माना जाता है। इंदौर जिले की महू तहसील में स्थित यह पहाड़ी शहर से लगभग 45 किलोमीटर दूर है। करीब 854 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह विंध्याचल की प्रमुख चोटियों में गिनी जाती है। इंदौर-मुंबई हाईवे के पास होने की वजह से यहां पहुंचना आसान है, जिससे पर्यटकों की आवाजाही सालभर बनी रहती है। खासकर मानसून में यहां का नजारा बेहद खूबसूरत हो जाता है। चारों तरफ हरियाली, ठंडी हवाएं और बादलों से ढकी पहाड़ियां इसे ट्रेकिंग और नेचर लवर्स के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन बना देती हैं।

इस पहाड़ी की सबसे अनोखी पहचान यह है कि इसे 'साढ़े सात नदियों का उद्गम स्थल' माना जाता है। यहां मौजूद एक कुंड से कई नदियों की शुरुआत होती है, जिनमें चंबल, अजनार, सुमरिया, बालम, चोरल, कारम और नेकेड़ेश्वरी प्रमुख हैं। दिलचस्प बात यह है कि कारम और नेकेड़ेश्वरी एक ही धारा में बहती हैं, इसलिए इन्हें मिलाकर आधी नदी माना जाता है। इसी वजह से यहां 'साढ़े सात नदियों' की मान्यता प्रचलित है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह क्षेत्र औषधीय पौधों से भी समृद्ध है। मान्यता है कि माता रेणुका ने यहां कई दुर्लभ जड़ी-बूटियां उगाई थीं।

रेगिस्तान में उगेगा अनाज अब होगी बंपर खेती!

चिपचिपे जीव ने बदल दी बंजर जमीन की किस्मत

झुलसाती गर्मी, उड़ती रेत और बंजर जमीनस अभी तक रेगिस्तान की यही पहचान रही है। लेकिन भारत के पड़ोसी मुल्क चीन के वैज्ञानिकों ने कुछ ऐसा कमाल किया है कि ये धारण बदलने वाली है।

बीजिंग। चीन के शापोटौ डेजर्ट स्टेशन के रिसर्चर्स ने एक जादुई सूक्ष्मजीव के जरिए से रेगिस्तान की उड़ती रेत को उपजाऊ मिट्टी में बदलने का कारनामा कर दिखाया है। चीनी वैज्ञानिकों ने प्रकृति के एक छिपे हुए रहस्य साइनोबैक्टीरिया को लैब में तैयार कर एक ऐसा जादुई फॉर्मूला बना लिया है, जो रेत के कणों को गोंद की तरह आपस में जोड़े रखता है। चीन के इस तकनीक ने मिट्टी बनने की सदियों लंबी प्रक्रिया को मात्र कुछ ही महीनों में समेट दिया है। भारत के पड़ोसी मुल्क चीन के शापोटौ डेजर्ट एक्सपेरिमेंटल रिसर्च स्टेशन के रिसर्चर्स ने दावा किया है कि उनकी टीम ने मात्र 10 महीनों के अंदर बंजर और उड़ती हुई रेत को खेती योग्य उपजाऊ मिट्टी में बदलने का तरीका खोज लिया है।

रेगिस्तान का नया 'सुपरहीरो'

इस पूरे प्रोसेस में साइनोबैक्टीरिया नाम के छोटे जीव हैं। ये ऐसे विशेष जीव हैं जो प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से ऊर्जा बनाते हैं। चीनी वैज्ञानिकों ने इन बैक्टीरिया का इस्तेमाल करके बायोलॉजिकल सॉइल क्रस्ट यानी जैविक मृदा परत तैयार की है। जब इन बैक्टीरिया को लैब में तैयार कर रेगिस्तान की रेत पर बिखराया, तो ये एक विशेष प्रकार का चिपचिपा पदार्थ छोड़ते हैं। यह पदार्थ रेत के कणों को आपस में मजबूती से जोड़े रखते हैं, जिससे रेत का उड़ना लगभग बंद हो जाता है और वह ठोस और स्थिर अवस्था में बदल जाती है।

10 महीनों में हुआ कमाल

मिट्टी बनने में वैसे तो सैकड़ों साल का समय लग जाता है, लेकिन इस तकनीक ने इस समय को घटाकर एक साल से भी कम कर दिया है। रिसर्च के मुताबिक यह कृत्रिम परत प्राकृतिक प्रक्रिया की तुलना में- कार्बन सिंक 3.2 गुना तेजी से करती है। नाइट्रोजन का स्तर लगभग 15 गुना तक तेजी से बढ़ाती है। नाइट्रोजन और फास्फोरस जैसे पोषक तत्वों की भारी बढ़ोतरी होने के कारण यह सैंडबेड घास, झाड़ियों और दूसरे पौधों के उगने के लिए परफेक्ट बन जाता है।

लागत कम और समाधान ज्यादा

सामान्य रूप से रेगिस्तान पर पेड़ लगाना बहुत ही थकाऊ और खर्चीला काम होता है, इसमें पेड़ भी बहुत तेजी से खराब होते हैं। वहीं साइनोबैक्टीरिया टेक्नोलॉजी बहुत ही सस्ती और कम रखरखाव वाली है। ये बैक्टीरिया सूखे और भीषण गर्मी को झेलने में सक्षम हैं और पानी मिलते ही तेजी से फैलने लगते हैं। जानकारों का तो यह भी मानना है कि इस तकनीकी को सिंथेटिक माइक्रोबियल कम्युनिटीज के माध्यम से और भी बेहतर बनाया जा सकता है। भविष्य में ऑटोमेशन और ड्रोन्स की सहायता से दुनिया भर के सूखे इलाकों में इस तकनीक का इस्तेमाल कर ग्लोबल वार्मिंग और खाद्य संकट से लड़ा जा सकेगा।

दांत की दरारों में छिपा था 700 साल पुराना कातिल!

सुक्रे। जरा सोचिए, एक इंसान जो कोलंबस के जन्म से भी 100 साल पहले बोलिविया के ऊंचे पठारों पर रहता था। उसकी मौत कैसे हुई? वह मौत से पहले किन तकलीफों से गुजरा? 700 साल बाद उसकी खोपड़ी का एक अकेला दांत सारे राज खोल रहा है। वैज्ञानिकों को बोलिविया के पर्वतीय क्षेत्रों में एक ममी खोपड़ी मिली। यह खोपड़ी एक ऐसे पुरुष की है जो 1283 से 1383 ईस्वी के बीच का था। इटली और ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने जब इस मम्मी के दांत पर रिसर्च किया तो उसमें स्ट्रैप्टोकोकस पाइोजेन्स बैक्टीरिया के अंश मिले। यह वही बैक्टीरिया है जो स्कार्लेट फीवर और गले के संक्रमण के लिए जिम्मेदार होता है। काफी समय से इतिहासकारों का मानना था कि स्कार्लेट फीवर उन फ्रंटियर बीमारियों में से एक थी, जिसे यूरोपीय अपने साथ अमेरिका लाए थे। माना जाता था कि वहां की स्थानीय आबादी के पास इन बीमारियों से लड़ने की क्षमता नहीं थी, जिससे लाखों लोग मारे गए। लेकिन, इस नई रिसर्च से पता चलता है कि यह बीमारी तो कोलंबस के जन्म से पहली ही वहां मौजूद थी।

Ajay 9827144371

Ajay Advt.

एक्स-शोरूम कीमत ₹75,050~ | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक | HDFC BANK FESTIVE TREATS SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs | Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-Showroom Price of Destini 110 VX in Chhattisgarh. ^T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो, 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो, 9289922623, बलौदाबाजार: अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो, 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़, 8770383767, मनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, टेमुरहाली: किरण मोटर्स, 9754069392, लवन: गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिभोरी: श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़ला: विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बैरला: कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोद: नैन ऑटोकेयर, 9425563502, सिमगा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंडरदेही: एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, दिहाली: भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, डरपिनाद- कांकेर: अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूर: रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहारा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, कुड़कुदा: दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमा: आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुर: दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोली: शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकी: अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ा: साई मोटर्स, 9754329434, राजिम: राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांव: जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसींवा: श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुर: माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, पारागांव: श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुढ़ियारी: श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखारा: प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो, 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो, 9289922983

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com